## शहर में आज



☞डॉ. भीमराव आंबेडकर उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी में पासिंग आउट परेड सुबह 8 :30 बजे
☞केंद्र सरकार के 11वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर बुद्धि विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर कार्यशाला शाम 4 :30 बजे
☞महिला जागरुकता अभियान के अंतर्गत कार्यशाला आओ हाथ बढ़ाएं चैरिटेबल ट्रस्ट के बुद्धि विहार स्थित भाटिया चौराहा कार्यालय पर 3 :00 बजे।






लालबाग स्थित रामगंगा नदी के घाट पर पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार



दीपदान करती श्रद्धालु।



भंडारे में लोगों को भोजन परोसते शिव बेड़ा समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

# गंगा दशहरा पर आस्था की डुबकी लगा कमाया पुण्य

## रामगंगा व गागन में श्रद्धालुओं ने किया स्नान, मेले में झूले व चाट-पकौड़ी का लिया आनंद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर गुरुवार को रामगंगा और गागन नदी में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। स्नान ध्यान के बाद उन्होंने मान्यता के अनुसार पूजा-पाठ कर जरूरतमंदों व साधु महात्माओं को दान देकर पुण्य कमाया। दोनों स्थान पर मेला लगा था। श्रद्धालुओं के साथ ही बच्चों ने झूले और चाट-पकौड़ी का आनंद लिया।

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा मनाया जाता है। मान्यता के अनुसार इस दिन स्नान और दान का विशेष महत्व होता है। गुरुवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं का स्नान के लिए नदी के घाटों पर पहुंचना शुरू हो गया था। अधिकांश श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त में स्नान किया। शाम तक दोनों घाटों पर श्रद्धालुओं की चहल पहल रही। पूजा अर्चना के साथ ही सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। घाट पर हर-हर गंगे की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। कई लोगों ने पावन पर्व पर अपने बच्चों को मुंडन संस्कार भी कराया। जिले में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पंडाल लगाकर शरबत वितरित किया। राहगीरों को रोक उन्हें प्रसाद रूपी शरबत दिया।



रामगंगा नदी में पूजन करतीं श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### नदी किनारे गंदगी ने किया परेशान

रामगंगा और गागन नदी किनारे गंदगी फैली हुई थी। ऐसे यहां स्नान के लिए आने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना भी करना पड़ा। यही कारण है कि अधिकांश श्रद्धालुओं ने यहां आने से बेहतर ब्रजघाट, गिरिजा देवी और हरिद्वार जाकर स्नान जाना उचित समझा। ऐसे इन मार्गों पर जाने वालीं ट्रेनों में अधिक भीड़ रही।



मुंडन के बाद बच्चे को स्नान कराता पिता।



रामगंगा में दुग्धाभिषेक करते राष्ट्रीय पुजारी परिषद के सदस्य।

### रामगंगा में किया दुग्धाभिषेक आरती में शामिल हुए भक्त

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर गुरुवार को राष्ट्रीय पुजारी परिषद के पदाधिकारियों ने श्री रामगंगा मैय्या का दूध से अभिषेक और आरती प्राचीन गंगा मंदिर अटल घाट पर किया। इसमें श्रद्धा व भक्तिभाव से सैकड़ों भक्त शामिल हुए। राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने कहा कि ज्येष्ठ माह में गंगा दशहरा पर जो मनुष्य गंगा स्नान करते हैं उनके दस पाप नष्ट हो जाते हैं। गंगा दशहरा पर्व पर लाखों श्रद्धालु घाटों पर स्नान, दान, पूजन, जाप आदि करते हैं। गंगा को मोक्षदायिनी कहां गया है। आरती के बाद भोग लगा कर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान आचार्य पंडित विनीत शर्मा, आचार्य भूदेव शास्त्री, पंडित विनोद शर्मा, पुजारी भारत सिसोदिया, महेंद्र, मनोज व्यास, वीरेंद्र शर्मा, सुरेश गुप्ता, वंदना शर्मा, स्वाति शर्मा, सुमन रोहिल्ला, यश रस्तोगी, राजेश त्रिपाठी, कार्तिक व्यास, श्याम शुक्ला, नितिन दुबे, बबलू भटनागर आदि मौजूद रहे।

### कचहरी परिसर में शरबत वितरण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर गुरुवार को कचहरी परिसर में स्थित मंदिर पर शिविर लगाकर बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं और कचहरी में आए वादकारियों को शरबत वितरित किया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश पदम नारायण मिश्र, बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा बबली, महासचिव अभिषेक भटनागर, राजीव चौधरी, सुरेश चन्द्र गुप्त, सौरभ चक्रवर्ती, पंकज शर्मा, अहमद अली, भरत पोरवाल, विककी सोनी, अतुल माथुर, सीता सैनी, रमा पांडे सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।



## सूरज की तपिश बढ़ी बारिश का इंतजार



दोपहर में बच्ची को लेकर जाती महिला।

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरुवार को दिन में तेज धूप से लोग बचने के लिए छांव की तलाश करते रहे। दो दिनों से सूरज की तपिश बढ़ रही है।

गुरुवार को अधिकतम तापमान 35.8 और न्यूनतम 25.4 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता 65 प्रतिशत रहा। दिन में लोग पेड़ों की छांव देखकर आराम करते रहे। दो पहिया व चार पहिया वाहन चालक भी छांव में पेड़ के नीचे रुक कर राहत पाने में लगे रहे। हालांकि हल्के बादलों की आवाजाही रही । गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि अभी चार पांच दिन मौसम ऐसे ही रहेगा। 10-12 जून से प्री मानसून की बारिश की संभावना है।

# कन्ट्रोल रूम से रोजाना होगी ईंट भट्ठों की मॉनिटरिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मंडल के पांचों जिलों में वाणिज्य विभाग ने की कार्रवाई
- 6 को भेजा जेल, एक करोड़ रुपये कर के रूप में कराया जमा

**अमृत विचार :** वाणिज्य कर विभाग ने छापेमारी के दौरान मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अमरोहा एवं बिजनौर में मैंथा व्यापारी और ईंट भट्ठा स्वामियों से बड़ी वाणिज्य कर चोरी पकड़ी है। कर चोरी पकड़े जाने पर मैंथा निर्माता कारोबारियों व ईंट भट्ठा स्वामियों ने जांच के दौरान मौके पर ही एक करोड़ रुपये जमा किया। गुरुवार को अमरोहा एवं बिजनौर में विशेष अनुसंधान शाखा की जांच जारी है।

जोन में लगभग 1042 कार्यरत भट्ठे हैं। जिसमें 589 भट्ठों द्वारा अभिलेखों में दर्ज टर्नओवर 40 लाख रुपये से कम दिखाया जा रहा है। जबकि कोयला के प्रयोग पर भी कोयले की सप्लाई के सापेक्ष टैक्स जमा नहीं किया जा रहा है। वाणिज्य कर विभाग के अपर आयुक्त ग्रेड-1,राज्य कर, ने एक कन्ट्रोल रुम बनवाया है। जिसमें भट्ठों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाएगी।

वहीं जीएसटी चोरी के विरुद्ध अपर आयुक्त ग्रेड-1, राज्य कर, मुरादाबाद जोन अशोक कुमार सिंह ने टीम बनाकर मंडल के पांच जिलों में छापेमारी कराई। संभल के चंदौसी में मेंथा निर्माता व्यापारी की जांच के दौरान अभिलेख खंगाले। जिसमें टर्नओवर के सापेक्ष नकद के रूप में वाणिज्य कर कम जमा किया जाने का मामला पकड़ा। 23.70 लाख का माल अभिलेखों के अनुसार मौके पर कम मिला। व्यापारी ने 16 लाख रुपये कर के रूप में जमा कराए। एक सप्ताह में सचल दल इकाइयों ने ईंट के परिवहन के दौरान माल से संबंधित 60 बिल संग्रहित किए थे। बिजनौर में विशेष अनुसंधान शाखा जांच कराई जा रही है। बिलों की जांच में पाया गया कि बाजार में निर्धारित भाव के अनुसार बिल जारी न कर ईटों के मूल्य को छिपाया गया। जिससे कर चोरी करने का मामला सामने आया है। सप्ताह भर में संभल के 11 ईटों के वाहन चालकों ने रोकरने पर बिल से संबंधित कागज नहीं दिखाया। 10 वाहनों पर कार्रवाई कराते हुए 6.48 लाख कर रूप में जमा कराए। एक वाहन से 1 लाख जमा कराए गए। वहीं कुछ व्यापारियों द्वारा भट्ठो से माल लोड न करके फर्जी रूप से बिल लेकर माल का परिवहन किए जाने का मामला पकड़ा गया। हालांकि संभल में ईंटों के फर्जी बिल बनाने के संबंध में अब तक 06 लोग जेल भी जा चुके है। भट्ठा व्यापारियों से 77 लाख रुपये जमा कराया जा चुका है।

# एमपीएस ने जीता मिनी आईपीएल का खिताब

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आईपीएल सीजन 2- रुक्मिणी क्रिकेट अकादमी को फाइनल मैच में 76 रनों से हराया

**अमृत विचार :** मॉर्डन पब्लिक स्कूल में एमपीएस क्रिकेट अकादमी में चल रहे मिनी आईपीएल सीजन 2 का गुरुवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। खिताब जीतने के लिए रुक्मिणी क्रिकेट अकादमी और एमपीएस क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ियों ने पसीना बहाया। एमपीएस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। बेहतर खेल के दम पर एमपीएस ने यह मुकाबला आसानी से जीत लिया।

एमपीएस के लिए कुशाग्र ने तीन चौके और दो छक्के की मदद सर्वाधिक 67 रन बनाए। एमपीएस ने 30 ओवर में 185 रन बनाए और प्रतिद्वंदी टीम को 186 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुक्मिणी क्रिकेट अकादमी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी और 24.1 ओवर में 109 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इस तरह एमपीएस ने 76 रन से मिनी आईपीएल का यह खिताबी मुकाबला अपने नाम किया। कुशाग्र को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर मिर्जा दानिश आलम, शारिफ, शिवओम, रोहित आदि मौजूद रहे।




मॉडर्न पब्लिक स्कूल में चल रहे मिनी आईपीएल में विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि। ● अमृत विचार

# एसएसपी ने ताइक्वांडो के विजेताओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- लखनऊ में हुई 5वीं अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीते मेडल

**अमृत विचार :** 5वीं अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के पदक विजेताओं को एसएसपी सतपाल अंतिल ने सम्मानित किया। गुरुवार को उन्होंने छह खिलाड़ियों को अपने कार्यालय में मेडल पहनाकर बधाई दी।

नित्या त्यागी व तनिष्क जैन को स्वर्ण पदक, वैष्णवी शर्मा व अभिषेक कुमार को रजत पदक, युवराज व यशोदा थापा को कांस्य पदक पहनाकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों को भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज अली ने बताया कि 16 से 18 मई तक लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 5वीं अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल ताइक्वांडो प्रतियोगिता हुई थी। जिसमें मुरादाबाद के 25 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। स्वर्ण पदक विजेताओं का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है जो अगस्त में होगी। इस अवसर पर केशव थापा, सुमित शर्मा, शोभित भारद्वाज, अरविंद सिंह, संदीप कुमार, शिप्रा सिंह, रोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।



सम्मानित करने के बाद विजेताओं के साथ एसएसपी सतपाल अंतिल। ● अमृत विचार

## धर्म की पुनर्स्थापना को अवतार लेते हैं भगवान

**बिलारी, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव पालनपुर में चल रही है श्री राम कथा में कथा व्यास आचार्य शिव शंकर भारद्वाज ने कहा कि जब-जब अधर्म करने वाले बढ़ते हैं, तब तब धर्म को क्षति पहुंचती है। तब धर्म की पुनर्स्थापना को भगवान अवतार लेते हैं। रावण के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए श्रीराम अवतरित हुए। दानवता को मानवता ही परास्त कर सकती है। राम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।

# व्यापारियों ने मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संघटन ने बर्तन बाजार में मनाया। केक काटकर एक दूसरे को खिलाया और मुख्यमंत्री के दीर्घायु व यशस्वी होने की प्रार्थना की।

प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल (जॉनी) ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने व्यापारियों के हित में कई कार्य किया है। इस दौरान प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता,सुनील अग्रवाल, मनीष बेरी, सुप्रीत खन्ना, अरुण रस्तोगी, शिवम गुप्ता, सुधीर कंचल, विजय अग्रवाल, सचिन गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, गोपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।




मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर उनकी फोटो को केक खिलाकर खुशी मनाते व्यापारी।

# पंच कुंडीय यज्ञ में विश्व शांति की प्रार्थना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** युग शक्ति चेतना केंद्र आवास विकास कॉलोनी में अखिल भारतीय गायत्री परिवार ट्रस्ट की ओर से गंगा दशहरा व गायत्री विश्व जयंती व गुरुदेव के महाप्रयाण दिवस पर पंच कुंडीय यज्ञ कियाा गया। इसमें जन्मदिन संस्कार, शिक्षा संस्कार,दीक्षा संस्कार, विवाह संस्कार मंत्रों के माध्यम से कराए गए पांच कुंडीय यज्ञ मंत्रों उच्चारण के द्वारा विश्व शांति की प्रार्थना की गई।

महिला मंडल की शीला त्यागी ने कहा कि गायत्री माता भगवान विष्णु का ही एक रूप है। हमें अपने जीवन में माता गायत्री के विचारों को ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गंगा अवतरण दिवस स्वर्ग लोक से मृत्यु लोक आने के लिए गंगा माता का वेग इतना तेज था कि कोई उनके वेग को सहन नहीं कर सकता था तब भगवान शंकर जी ने अपनी जटायें खोलकर उन्हें अपनी जटाओं में धारण किया। उन्होंने कहा कि गुरुदेव का महाप्रयाण दिवस आज ही है आज गायत्री जयंती के दिन ही गुरुदेव ने अपना शरीर त्याग दिया था। संयम, सेवा मंत्र, जप संस्कार सब उनकी देन है। महिला मंडल सदस्य शालू मल्होत्रा ने मंत्रों उच्चारण के माध्यम विभिन संस्कार पूरे कराए। इस दौरान लवलेश चंद्र आदि मौजूद रहे।



यज्ञ में मौजूद अखिल भारतीय गायत्री परिवार ट्रस्ट के सदस्य व अन्य लोग।

### शिव बेड़ा समिति ने किया भंडारे का आयोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिव बेड़ा युवा समिति चंद्र नगर की ओर से गुरुवार को गंगा दशहरा पर चंद्र नगर में 21वां विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों को भोजन कराया गया। विधिविधान से भंडारे की शुरुआत की गई। इसमें बड़ी संख्या में राहगीरों व स्थानीय लोगों को भोजन प्रसाद वितरित किया गया। समिति के लोगों ने कहा हर साल की तरह आगे भी यह भंडारा आयोजित किया जाता रहेगा। इस दौरान आशीष राठौर, शुचि शर्मा, अभिषेक शर्मा, पंकज बाधवा, तरुन पांडे, अन्नू कपूर सहित अन्य लोगों ने आयोजन में सहयोग किया।

रंगारंग कार्यक्रम | टीएमयू के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग और सीसीएसआईटी की ओर से वार्षिक युवा सांस्कृतिक महोत्सव

# इग्नाइट में दिखा हुनर का जलवा, गायन में ऋषभ बने विजेता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सोने की चिड़िया में मानवी तो आर्यन ने निभाई सांप की भावपूर्ण भूमिका

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग और सीसीएसआईटी की ओर से वार्षिक युवा सांस्कृतिक महोत्सव इग्नाइट- 2025 आयोजित किया गया। नर्चर नेचर में आर्यन चौहान, इंडियन लिगेसी सेगमेंट में मानवी कश्यप विजेता रहे। गायन में ऋषभ कश्यप विजेता घोषित किए गए। आर्यन चौहान ने सांप की भावपूर्ण भूमिका, जबकि मानवी कश्यप ने सोने की चिड़िया में दमदारी दिखाई। अथर्व वर्मा और उनके बैंडमेट्स देव (ड्रम) और मनु ने कीज़ पर एक विशेष बैंड प्रदर्शन करके मेहमानों और मेजबानों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सीसीएसआईटी के वार्षिक युवा सांस्कृतिक महोत्सव इग्नाइट 2025 में प्रकृति और भारतीय विरासत का पोषण थीम पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में हुनर का जलवा दिखा। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने कहा कि इग्नाइट का उद्देश्य विद्यार्थियों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारना है।

इससे पूर्व डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, सीसीएसआईटी के एचओडी डॉ. शंभू भारद्वाज, प्रॉक्टर प्रो. प्रदीप कुमार, कल्चरल कोऑर्डिनेटर मिस स्वाति चौहान आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर इग्नाइट 2025 का ऑडिटोरियम में आरंभ किया। विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। अन्य सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। संचालन जिया सिंह, आशीष उपाध्याय एंड टीम ने किया।

प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. हिना हाशमी, डॉ. प्रदीप कुमार शाह, डॉ. प्रीति रानी आदि शामिल रहे। अंत में सीसीएसआईटी की कल्चरल कोऑर्डिनेटर स्वाति चौहान ने सभी का आभार जताया। आयोजन में डॉ. रूपल गुप्ता, अमित सिंह, मो. सलीम, शिखा गंभीर, मनीष तिवारी, मनोज गुप्ता, अभिषेक सक्सेना के अलावा प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर्स, मेंटर्स, रिसर्च स्कॉलर्स निकिता ओलक, अनुष्का रस्तोगी, पार्थ भटनागर, नमन, अतिशय आदि मौजूद रहे।



टीएमयू में वार्षिक युवा सांस्कृतिक महोत्सव इग्नाइट में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### गति और चिंगारी का प्रतिनिधित्व करता है इग्नाइट

डीन प्रो . आरके द्विवेदी ने कहा कि इग्नाइट केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह शब्द प्रौद्योगिकी से जुड़ा है, जो इंजन शब्द से जुड़ा है, जो गति और चिंगारी का प्रतिनिधित्व करता है ।अतिशय और हर्षित ने महाभारत युद्ध नाटक के जरिए शास्त्रीय विषयों को मजबूत भावों के साथ प्रदर्शित किया। इशिका और पलक ने युगल शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें लावण्य, लय और परंपरा का अद्भुत मिश्रण था।

**आज का मौसम**

आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे और मौसम सामान्य रहेगा।

36.0° 25.0°

## एक नजर

### नगर आयुक्त ने भ्रमण कर परखी सफाई व्यवस्था

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने गुरुवार को महानगर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने दिल्ली रोड पर लगे ऑपरेशन सिंदूर के सेल्फी प्वाइंट्स को देखा। नगर आयुक्त ने रामगंगा नदी के घाटों पर पहुंचकर स्नान के लिए की गई सुविधा देखी। कहा कि घाटों पर गंदगी न फैलाएं। प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाले नुकसान के प्रति जागरुकता बढ़ाने पर जोर दिया। नगर आयुक्त ने ग्रीन बेल्ट में पौधरोपण कर अधिकारियों को भी आगे आने और लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। कहा कि पौधा लगाने के साथ ही उसके संरक्षण का दायित्व भी निभाना चाहिए। तभी क्लीन एंड ग्रीन मुरादाबाद का संकल्प सफल होगा।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत लगाया पौधा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शांति शहर अमन कमेटी के नेतृत्व में कटघर भगवान वाल्मीकि पार्क में वाल्मीकि समाज के लोगों ने कार्यक्रम आयोजित कर पौधे लगाने की पहल शुरू की। लोगों ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया। इस दौरान प्रेम बाबू वाल्मीकि अध्यक्ष शांति शहर अमन कमेटी, जय किशोर, विजयवीर, जितेंद्र भारती, कमल भारती, शेखर आजाद, सौरभ कुमार, महेंद्र सिंह, अमित भारती, श्याम कुमार, नंदू वाल्मीकि, जितेंद्र कुमार, विजय बाबू, कुक्कू चौधरी, मनु भारती, राजू चंचल, अजय आदि मौजूद रहे।

### भैंस की पूंछ पकड़ नदी पार करता ग्रामीण डूबा

**अगवानपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मऊ हरथला निवासी जरीफ(55) पुत्र अनवार हुसैन गुरुवार दोपहर पोस्टमार्टम हाउस के पास भैंसे चरा रहा था। इस बीच भैंस की पूंछ पकड़कर नदी पार करने की कोशिश में उसके हाथ से पूंछ छूट गई। जिससे जरीफ नदी में डूब गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की टीम बुलाई लेकिन शाम 3 बजे से 7 बजे तक उसका कोई सुराग नहीं लगा। गोताखोर उसे तलाश कर रहे हैं।

# ईद-उल-अजहा: 11 सेक्टर में बांटा गया ईदगाह क्षेत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले भर में ईद-उल-अजहा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। व्यवस्था बनाने के लिए ईदगाह और आसपास के इलाके को 11 सेक्टर में बांटा गया है। नमाज के दौरान चप्पे-चप्पे पर फोर्स की तैनात रहेगी। इसके लिए 9 सीओ के नेतृत्व में 400 से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी।

आगामी 7 जून शनिवार को कुर्बानी का त्योहार ईद-उल-अहजा मनाया जाएगा। मुख्य नमाज ईदगाह पर सुबह 7:30 बजे से होगी। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि व्यवस्था बनाने के लिए ईदगाह और उसके आसपास के इलाके को 11 सेक्टर में बांटा गया है। हर सेक्टर की जिम्मेदारी सीओ और इंस्पेक्टर लेबल के अधिकारियों को दी गई है। इनके अंडर में कई दरोगा व सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है। 9 डीएसपी, 15 इंस्पेक्टर और 80 दरोगा समेत 400 से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। पीएसी जवानों की एक कंपनी तैनात रहेगी। वॉच टावर और रूफ टॉप ड्यूटी भी लगाई गई है। सीसीटीवी व ड्रोन से निगरानी की जाएगी। अन्य ईदगाह और मस्जिदों पर भी ईद-उल-अजहा के मद्देनजर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। लोगों से अपील है कि वो ईदगाह और मस्जिदों में ही नमाज अदा करें। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने कहा कि माहौल खराब करने की कोशिश की तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा।

## मुढ़िया जैन पहुंचे मंडलायुक्त ने खोदाई कार्य कराया, अभियान में नदी से लगे 33 तालाबों को जोड़ा

# अरिल को पुनर्जीवित करने को मंडलायुक्त ने किया श्रमदान

**एक कदम पर्यावरण की ओर**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/बिलारी

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को तहसील बिलारी के ग्राम मुढ़िया जैन में मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने अरिल नदी को पुर्नजीवित करने के क्रम में श्रमदान किया। उनके निर्देशन में चल रहे अरिल नदी के पुनरुद्धार कार्य में नदी से संबंधित सभी 29 गावों में शेष रकबे में एक साथ खोदाई कार्य शुरू किया गया। इस अभियान में नदी से लगे 33 तालाबों को भी जोड़ा गया है।

मंडलायुक्त ने कहा कि नदियों के पुनरुद्धार में जन सहभागिता की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। नदी का

- कहा- नदी का सूख जाना जीवन से खिलवाड़, जनसहभागिता के लिए किया प्रेरित

खो जाना एक पीढ़ी के खो जाने के बराबर है। उन्होंने नदी को बढ़ाने के लिए जनसहभागिता के लिए प्रेरित किया। जीवन में नदी की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए लोगों को समझाया कि किसी नदी का सूख जाना जीवन से खिलवाड़ है। इस मौके पर मंडलायुक्त ने पौधरोपण भी किया। उन्होंने सभी लोगों को श्रमदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, उपजिलाधिकारी बिलारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।



श्रमदान करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

# पृथ्वी को प्लास्टिक के दानव से बचाएं, पर्यावरण सहेजें

## जागरुकता रैली निकाल प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ चलाया अभियान

**विश्व पर्यावरण दिवस**

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर परिवर्तन दी चेंज संस्था की ओर से जागरुकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। रैली सिविल लाइन आंबेडकर पार्क से शुरु हो कर कलेक्ट्रेट पर संपन्न हुई। इसका उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करना था। रैली के दौरान पृथ्वी को प्लास्टिक के दानवों द्वारा कैद किए जाने का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया। पृथ्वी के रूप में सजे संस्था के सदस्य ने डीएम व मंडलायुक्त को प्रार्थना पत्र सौंपा गया।

गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर परिवर्तन दी चेंज संस्था के सदस्य आंबेडकर पार्क पहुंचे। संस्था के सदस्यों ने कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर प्लास्टिक द्वारा पृथ्वी को होने वाले नुकसान को लोगों प्रतीकात्मक रूप से लोगों को



विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरुकता रैली निकालते परिवर्तन दी चेंज संस्था के सदस्य। ● अमृत विचार

- पृथ्वी का रूप धरे संस्था के सदस्य ने डीएम व मंडलायुक्त को प्रार्थना पत्र सौंपा

प्लास्टिक न उपयोग करने का संदेश दिया। संस्था के परियोजना प्रभारी प्रिंस चौहान ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। लोगों को इसके दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। स्वयंसेवकों ने पोस्टर के माध्यम से अलग-अलग तरीकों से लोगों को जागरूक किया। पृथ्वी के रूप में सजे संस्था के सदस्य ने अपने प्रार्थना पत्र देकर डीएम और मंडलायुक्त से अनुरोध किया कि वह प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए ठोस कदम उठाएं और लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम चलाए जाएं। पृथ्वी की घटती उम्र को बढ़ाने में सहभागी बने। संस्था प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ़ जागरुकता अभियान चलाती रहेगी और लोगों को इसके प्रति जागरूक करेगी। इस कार्यक्रम में सरदार गुरविंदर सिंह, नेपाल सिंह पाल, मनोज कुमार के अलावा आदित्य कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## प्लास्टिक का कम से कम करें उपयोग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को एंडिंग ग्लोबल प्लास्टिक थीम पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें प्लास्टिक की सामग्री के प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा सभी ब्लॉक चिकित्सालयों में चिकित्साधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मचारियों ने पौधरोपण किया।

मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में हुई गोष्ठी में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। एक पेड़ मां के नाम से लगाने के लिए

- मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में दी जानकारी

सभी का आह्वान किया। गोष्ठी में नोडल अधिकारी ने प्लास्टिक कचरे से दूर रहने के लिए प्लास्टिक से बनी सामग्री का कम से कम उपयोग करने के लिए कहा। इसके साथ ही जल व ऊर्जा संरक्षण पर भी जागरूक किया गया। इसके माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। गोष्ठी में उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव, एपिडेमियोलॉजिस्ट अजीजुर रहमान, क्वालिटी एश्योरेंस के डॉक्टर आरिफ आदि मौजूद रहे।



गोष्ठी में मौजूद उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव व अन्य।

## शादी हॉल के बाहर जनरेटर रख कब्जाई सड़क, काटा चालान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नगर निगम व स्मार्ट सिटी की टीम ने गुरुवार को कांठ रोड पर अकबर के किले से रामगंगा विहार में सेल्स टैक्स कार्यालय व उसके आसपास के क्षेत्रों में सड़क के फुटपाथ व नाले पर किए अतिक्रमण को हटाया। टीम ने कार्रवाई के दौरान रामगंगा विहार में एक शादी हॉल के बाहर जनरेटर लगाकर सड़क कब्जा करने पर कार्रवाई कर चालान काटकर 10,500 रुपये जुर्माना वसूला। जनरेटर तत्काल न हटाने पर जब्त करने की चेतावनी दी।

स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक तकनीकी एके मित्तल के साथ प्रवर्तन दल की टीम ने अकबर के किले से सेल्स टैक्स कार्यालय तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। टीम ने सड़क किनारे ठेला, रेहड़ी लगाकर कारोबार करने वालों को भगाया। दोबारा ऐसा करने पर सामान जब्त करने की चेतावनी दी। इसी दौरान जनरेटर रखकर सड़क पर अवैध कब्जा करने के चलते शादी हॉल संचालक का चालान काटकर 10,500 रुपये जुर्माना वसूला।

# एक पेड़ मां के नाम पर लगा संरक्षण का लिया संकल्प



कंपोजिट विद्यालय मुगलपुरा में पौधरोपण करतीं छात्राएं व अनुदेशक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के नगर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय मुगलपुरा में चल रहे समर कैंप के 16वें दिन विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान एक पेड़ मां के नाम 2.0 पर छात्र-छात्राओं व अनुदेशकों ने पौधरोपण किया। बच्चों और अभिभावको को एक पौधा अपनी मां या धरती मां के नाम पर लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

विद्यालय परिसर में पौधा लगाकर उसके संरक्षण के लिए पौधों की देखभाल और निरीक्षण के बारे में बताया गया। पत्तों की खोज व पत्ती इकट्ठा करके डायरी तैयार करना और खेल एवं क्राफ्ट संबंधी गतिविधिया कराई। समर कैम्प में इकरा, नेहा, जोहा, अयान, अयान मतलूब, अलीना, लबीबा, हिफजा, खुशनुमा, मेहनाज, अतुफा आदि के साथ अनुदेशक विष्णु भारद्वाज और कविता आदि मौजूद रहे।

### खुद भी जागरूक रहें व दूसरों को भी जागरूक करें



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं द्वारा संचालित नि :शुल्क ट्यूशन सेंटर और सिलाई सेंटर के बच्चों ने एक-एक पौधा लगाया। उन्हें इसके देखभाल करने की जिम्मेदारी भी दी गई। जिसका उद्देश्य है कि वह जिम्मेदार बनने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण के साथ साथ पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने के लिए खुद भी जागरूक रहें और दूसरों को भी जागरूक करें।

### वन विभाग ने गोशाला में रोपी पौध



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** वन विभाग की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को गांव आलमपुर चौहान में स्थित गोशाला परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी रेंजर एम पी सिह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि खाली जगह है वहां अवश्य ही पौध रोपण करें और उनकी देखभाल करें। वृक्ष मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। इनसे वातावरण शुद्ध होता है और पर्यावरण संतुलित रहता है। इस दौरान पीपल, बरगद, पाकड, बहेड़ा, नीम ,आम, बालम खीरा, गूलर आदि रोपित किए गए। वन दरोगा संजय प्रसाद, वन दरोगा पीयूष जोशी, वन रक्षक दीपेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान पति बलवंत सिंह, रोजगार सेवक चरन सिंह, पंचायत सदस्य च ग्रामवासी आदि उपस्थित हुए। वहीं शरीफ नगर में भी लोगों ने जगह-जगह पौधरोपण किया। इस दौरान कपिल चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह, मोनू चौहान, भानु सिंह आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बुलेट युवक की मौत

**बिलारी, अमृत विचार :** सहसपुर अबूपुरा खुर्द मार्ग पर बुधवार की देर रात एक बुलेट ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में बुलेट सवार गंभीर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

बिलारी के गांव अबूपुरा खुर्द का रहने वाला आकाश(25) पुत्र राधेश्याम पेंटर था। वह बिलारी से काम निपटाकर बुलेट से बुधवार रात 8 बजे गांव लौट रहा था। बाइक रुस्तमनगर सहसपुर अबू पूरा के बीच पहुंची। इसी बीच अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। आकाश सिर पर हेलमेट नहीं लगाए हुए था। जिसके कारण सिर में गंभीर चोटें आई। रुस्तमनगर सहसपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस जीप से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आई। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन मौके पर पहुंच गए। सभी का रो रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक परिवार में इकलौता बेटा था। उसकी 3 साल पहले ही शोभना से शादी हुई थी। उसका तीन माह का एक बेटा भी है। पुलिस ने शव का पंचनामा पर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# भाकियू अराजनैतिक ने अधिशासी अभियंता कार्यालय पर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक असली के युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों ने सिविल लाइन स्थित वितरण खंड देहात प्रथम अधिशासी अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। बिलारी विद्युत केंद्र के उपकेंद्र पर तैनात जेई और एसडीओ पर किसानों को साजिशन बिजली चोरी में फंसा कर एफआईआर कराने के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप किसानों ने लगाया। कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर रहे किसानों के बीच अधिशासी अभियंता ने किसानों की समस्या सुन रविवार तक समाधान करने का आश्वासन दिया है। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने समस्या का समाधान न होने पर बड़ा आंदोलन करने चेतावनी दी है।

गुरुवार को सिविल लाइन स्थित यूपीपीसीएल के देहात वितरण खंड के अधिशासी अभियंता के कार्यालय के बाहर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक असली युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रेशव चौधरी मांगों को लेकर दरी बिछाकर धरने पर बैठ



अधिशासी अभियंता कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे भाकियू असली के कार्यकर्ता।

- जेई व एसडीओ पर किसानों को बिजली चोरी में फंसा अवैध वसूली का आरोप

गए। जिसके बाद किसानों ने बिलारी विद्युत केंद्र के एसडीओ और जेई के हाय-हाय के नारे लगाने शुरू कर दिए। नारेबाजी सुनकर अपने कक्ष से बाहर आए अधिशासी अभियंता आशीष लाल ने किसानों से बात की। धरने का नेतृत्व कर रहे युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र मुबारक पुर पर तैनात जेई द्वारा किसान का मीटर उतरा जाता है उसके बाद बिजली मीटर नहीं लगाया जाता जिसके बाद बिजली की चेकिंग की जाती और ऐसा किसानों बिजली चोरी की बात पर एफआईआर कराने की धमकी दी जाती है। बाद में किसान से सौदेबाजी कर 10 हजार रुपये वसूले जाते हैं। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत एस डी ओ से की गई तो उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। बल्कि किसान को धमकाया जा रहा है। उन्होंने जेई और एसडीओ को किसानों को डरा धमका उनका आर्थिक और मानसिक शोषण करने का आरोप लगाया है। उन्होंने जेई एसडीओ पर अवैध वसूली करने आरोप लगाते हुए उनके उपकेंद्र मुबारक पुर से स्थानांतरण करने और किसानों से वसूले गए पैसे वापस करने की मांग की है। जिस पर अधिशासी अभियंता रविवार तक समय मांगा है। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष मुरादाबाद सत्येंद्र सिंह भदौरिया, जिलाध्यक्ष संभल राजपाल यादव, जयवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष, ठाकुर देवेंद्र सिंह, ओमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर रोपी आम की पौध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट द्वारा दीनदयाल नगर के लवकुश पार्क में पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला आदि ने पौधे रोपे।

कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के अवसर आम का पौधा लगाया गया है। इसके अलावा अमरूद, कटहल, नीम, गुड़हल, आड़ू,सहजन के पौधे भी लोगों ने लगाए। महासभा के अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना एडवोकेट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण किा जा रहा है। हम सभी को अपने जीवन के किसी विशेष अवसर पर



दीनदयाल नगर के लवकुश पार्क में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौध लगाते लोग।

- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट का कार्यक्रम

एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। जो पर्यावरण के लिए हितकारी होगा। पौधा लगाने के बाद लोगों ने उसके देखभाल का संकल्प लिया। इस दौरान नवदीप टंडन, दिलीप भटनागर, बीके सक्सेना, गिरीश सक्सेना, आशीष सक्सेना शिवोतार सक्सेना, अनुज कुमार, अतुल सक्सेना, प्रियांक सक्सेना, मधु सक्सेना, दीपाली सक्सेना, राजेश्वरी देवी सक्सेना, लक्ष्य सक्सेना, सार्थक सक्सेना आदि मौजूद रहे।

**सावधान**

## चिकित्सक बोले, ध्यान फोन पर केंद्रित रहने से मोशन के लिए दिमाग को नहीं मिल पाता संकेत

# शौचालय में फोन चलाने की आदत बढ़ा रही पाइल्स की बीमारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** वॉशरूम में अगर आपको भी फोन चलाने की आदत है तो यह खबर आपके लिए है। समय रहते इस लत को छोड़ने की जरूरत है। यह आदत आपको कब्ज के साथ पाइल्स जैसी बीमारी भी दे सकती है। चिकित्सकों के अनुसार अस्पताल में पेट संबंधी दिक्कत लेकर आने वाले मरीजों में सबसे ज्यादा संख्या किशोर और युवाओं की है। यही नहीं मानसिक रूप से भी परेशानियां आ रही हैं।

अस्पताल में प्रतिदिन ऐसी समस्या लेकर 20 से अधिक लोग पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. आशीष सिंह ने

- देर तक शौचालय में बैठने से दिक्कतों से जूझने वालों में किशोर और युवाओं की संख्या अधिक

बताया कि दिमाग को मोबाइल पर व्यस्त रखने से शौचालय में जरूरत से अधिक समय लगता है। यही कारण है कि 90 फीसदी युवाओं में कब्ज व पाचन तंत्र की गड़बड़ी की शिकायत आ रही है। लंबे समय से तकलीफ होने के चलते पाइल्स की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि मोशन के लिए आंत, मांसपेशी संग दिमाग का आपसी सहयोग जरूरी है। शौचालय में मोबाइल ले जाने से दिमाग उस पर व्यस्त रहता है। दिमाग से संकेत मिलने के बाद आंत और मांसपेशियां



डॉ. आशीष सिंह।

मोशन का रास्ता तैयार करती हैं। आंत और मांसपेशियां मोशन का दिमाग से संकेत पाने का इंतजार करती हैं। ऐसे में शौचालय में ज्यादा समय लगता है। इससे नसों में खून जमा हो जाता है और पाइल्स की समस्या शुरू हो जाती है। बताया कि सबसे पहले पेट का साफ नहीं होना इसका मुख्य लक्षण है। कब्ज, मरोड, पेट में भारीपन और गैस के अलावा खाना न पचने की दिक्कत भी बढ़ी हैं।

### बैक्टीरिया फैलने का खतरा ज्यादा

टॉयलेट से मोबाइल फोन पर बैक्टीरिया फैलने का खतरा बहुत ज्यादा रहता है। इससे फूड पॉइजनिंग और वायरल इन्फेक्शन समेत कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। टर्किश जर्नल ऑफ कोलोरेक्टल डिजीज में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, वॉशरूम में स्मार्टफोन इस्तेमाल करने की आदत बवासीर का कारण बन सकती है।

### ऐसे करें बचाव

- वॉशरूम में मोबाइल न ले जाएं
- पेट संबंधी दिक्कत पर तुरंत चिकित्सकों से परामर्श लें
- कोई भी दवा बिना डॉक्टर के परामर्श से न लें
- माता-पिता को भी बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देने की जरूरत

# पौधरोपण कर बचाएं जल, थल और कल

## विश्व पर्यावरण दिवस पर कई जगह रोपित की गई पौध, लोगों को देखभाल करने की दिलाई शपथ

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** फत्तेहपुर नत्था नीमरी में विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को नागरिक एकता परिषद के पदाधिकारियों ने पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पौधरोपण किया। वक्ताओं ने कहा कि इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने के लिए 1972 में की थी। इस दिन जल, थल और कल बचाने का संकल्प लें।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर जागरुकता बढ़ाने और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना था।

ह्यूमन राइट डिफेंडर प्रेम कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पशु-पक्षियों को बचाने, नदी-तालाब को संरक्षित करने, अधिक से अधिक खाली भूमि में पौधरोपण करने और


पौधरोपण करते नागरिक एकता परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **नागरिक एकता परिषद ने पर्यावरण की सुरक्षा को किया पौधरोपण**

अपने घर-दुकान के आगे ट्री गार्ड लगाने की शपथ दिलाई। साथ ही इन पौधों की देखभाल करने के लिए शपथ को दोहराया।

कार्यक्रम में विशाल यादव, सुनील यादव, बीरेंद्र यादव, सुरजन सिंह दर्शन, रघुनंदन मौर्य, महेंद्र मौर्य, राजू मौर्य, सोमपाल मौर्य, मुकुट सिंह, राहिल अर्जुन, सोनदेव यादव, ओमपाल यादव, प्रेम पल कक्का, रामवीर यादव, रामरहिश, बिजनेश, जयपाल, राकेश आशीष मौजूद रहे। वहीं, प्राथमिक विद्यालय मोहम्मद हयातपुर में चल रहे समर कैंप के दौरान पर्यावरण दिवस पर शिक्षकों ने पौधरोपण किया। इस दौरान कर्मेंद्र कुमार, रुचि राघव, राजकुमार सिंह, अरुण कुमार, वंदना सिंह, रश्मि आदि मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक


आईटीआई में पौधरोपण करते प्रधानाचार्य व अन्य। ● अमृत विचार

**छजलैट, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।क्षेत्र के ग्राम नींगु नंगला स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बिन्टू व स्टाफ सदस्य सुनील कुमार मौर्य, साक्षी आसमा, मौजूद रहे। प्रधानाचार्य द्वारा पर्यावरण को बचाने व पौधारोपण के लिए आमजन को ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ती हुई गर्मी के प्रकोप को कम करने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की अपील की गई। हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल गढ़ी कांठ में प्रबंधक दीपेश सिंह एवं विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई एवं विद्यालय के अन्य स्टाफ द्वारा पौधे रोपे गए। प्रधानाचार्या ने अपने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण पर्यावरण पर बढ़ता दबाव एक गंभीर समस्या बन गया है। इस दौरान समस्त स्टाफ व छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

## ईद उल अजहा को लेकर तैनात किए गए मजिस्ट्रेट

**बिलारी, अमृत विचार:** ईद उल अजहा( बकरा ईद) त्योहार को लेकर एसडीएम विनय कुमार सिंह ने थाना क्षेत्र के मुताबिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की है। साथ ही उन्हें अपने क्षेत्र में रहने के निर्देश दिए हैं। किसी भी तरह की कोई अफवाह या आपराधिक सूचना आदि होने पर तुरंत कार्रवाई करने और निपटने के निर्देश जारी किए गए हैं।

जिसके चलते बिलारी थाना क्षेत्र में तहसीलदार धीरेश कुमार, थाना मैनाठेर क्षेत्र में नायब तहसीलदार बिलारी अभिनव सिंह, कुंदरकी थाना क्षेत्र में नायब तहसीलदार कुंदरकी पीयूष कुमार, थाना सोनकपुर क्षेत्र में नायब तहसीलदार स्योड़ारा विजय कुमार श्रीवास्तव को तैनात किया है। इसके अलावा लेखपालों को भी निर्देशित किया गया है कि वह अपने क्षेत्र में रहकर हर गतिविधि पर निगाह रखेंगे। नगर पालिका को विशेष साफ सफाई करने के निर्देश दिए गए हैं। कुर्बानी के बाद अवशेष गड्ढों में दबवा दिया जाए।


सेंट पॉल्स इंटर इंटरनेशनल स्कूल में पौधरोपण करते स्टाफ व छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

## माता-पिता के नाम से लगाएं एक पेड़

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** नगर कांठ के विभिन्न विद्यालयों में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया।

सेंट पॉल इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं व अध्यापकों द्वारा पौधरोपण किया गया। प्रबंधक जितेंद्र विश्नोई ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है, हमें पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे। साथ ही उन्होंने बच्चों को संदेश दिया कि एक वृक्ष अपने माता-पिता के नाम से लगाएं। मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन बिश्नोई ने बताया कि पर्यावरण दिवस हमारे ग्रह की सुरक्षा और संरक्षण के लिए हमें प्रेरित करता है। पर्यावरण दिवस मनाने का कारण लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। अंत में छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। नगर के महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस एक वृक्ष मां के नाम के रूप में मनाया गया। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने छात्रों को बताया कि वृक्ष हमारे जीवन में बहुत आवश्यक हैं। वृक्ष प्राणवायु ऑक्सीजन हमें देते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड वातावरण से लेते हैं जिससे वातावरण का संतुलन बना रहता है। वृक्ष लगाना हमारे जीवन में नितांत आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन काल में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। राजवीर सिंह, मदन सिंह, विपुल त्यागी, सौरभ अग्रवाल, पंकज कुमार धीरज चौहान संजीव, मंगल, धर्मवीर,ओमकार , शंख अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## नजर रखें, कहीं न फैले अव्यवस्था

- **एसडीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेट व थाना प्रभारी को दिए ईदगाह स्थलों का दौरा करने के निर्देश**

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** क्षेत्र में ईद उल अजहा के त्योहार को लेकर एसडीएम कांठ ने गुरुवार को सेक्टर मजिस्ट्रेट व थाना प्रभारी की बैठक ली और उन्हें ईदगाह स्थलों का दौरा कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

ईद उल अजहा की नमाज से पूर्व सभी व्यवस्थाएं देखने को कहा। इस अवसर पर एसडीएम संत दास पवार ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र पर नजर रखें , कहीं किसी तरह की कोई अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर तहसीलदार अंजली सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक छजलैट संजय कुमार पांचाल, थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार शर्मा, नायब तहसीलदार योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।


बैठक में दिशा निर्देश देते कांठ एसडीएम संत दास पवार। ● अमृत विचार

### नई परंपरा पड़े तो तहसील कार्यालय पर दें रिपोर्ट

एसडीएम ने बैठक कर लेखपाल व राजस्व निरीक्षकों को ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के निर्देश दिए। एसडीएम कांठ संत दास पवार ने कहा कि लेखपाल व राजस्व निरीक्षक अगर कहीं समस्या है तो उसके बारे में तत्काल बताएं, जिससे समय रहते समस्या का समाधान कराया जा सके। कर्मचारी ध्यान रखें कि नमाज के बाद जब कुर्बानी शुरू होती है, तो वहां पर उसका जो भी अवशेष होता है। उसे डिस्पोज करने के लिए पहले से ही गड्ढे बने होने चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी के क्षेत्र में कोई नई परंपरा अपने का प्रयास करें तो उसके बारे में तत्काल तहसील कार्यालय पर रिपोर्ट दें। ईदगाह में व्यवस्थाएं रखने को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार कांठ अंजली सिंह, नायब तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### एक दूसरे पर निर्भर हैं मनुष्य जीवन व पर्यावरण



**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम देवरी दिनौरा में गुरुवार को सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव स्मृति उपवन में सपा विधायक ने पर्यावरण दिवस के मौके पर पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि पेड़ पर्यावरण सुरक्षा का अहम हिस्सा है इसलिए हम सब को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और लोगों को भी प्रेरित करना चाहिए। कहा कि पर्यावरण और मनुष्य जीवन एक दूसरे पर निर्भर हैं और मनुष्य को पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। कहा कि पर्यावरण हितों की रक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। इस अवसर पर जामुन, आड़ू, सागौन, अमरूद, सपड़ी, यूके लिपटिस, गूलर, बेल आदि के वृक्ष लगाएं। इस अवसर पर मास्टर बृजपाल सिंह, शिशुपाल सिंह, श्यामवीर यादव, रमाकांत सैनी, कमल यादव, बसर मलिक, सुमित यादव, शाहरुख सैफी, सलमान सैफी आदि मौजूद रहे।

### 100 पुत्र के समान माना गया है एक पेड़



**बिलारी, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर पूर्व सदस्य केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय वाजिद हुसैन एडवोकेट व पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी शहला वाजिद ने अपने आवास पर पौधे लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनमानस में विभिन्न बीमारियां फैल रही है, उन्हें देखते हुए यह बात समझ में आनी चाहिए कि ऑक्सीजन कितना जरूरी है। कॉलोनी, घरों ,पार्कों, खाली जगहों पर पेड़ लगाने चाहिए। एक पेड़ 100 पुत्र के समान होता है। इस दौरान जाकिर हुसैन , हुदा वाजिद, रेखा चौधरी, राखी, नाजिम आदि मौजूद रहे।

### गन्ने को बीमारियों से बचाने की जानकारी दी



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम डिलारी चंगेरी, बामनिया पट्टी, जमशेदपुर, बहेड़ी ब्रह्मानन, मनकुआ मकसूपुर, मुड़िया मोहिदनपुर, कुआं खेड़ा, मुड़िया खेड़ा, रामूवाला शेखू सहित कुल 9 गांवों में कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यशाला में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ रवींद्र कुमार ने किसानों को मृदा प्रबंधन की उपयोगिता एवं सूक्ष्म पोषक तत्व जिंक के बारे में विस्तार से बताया। केंद्रीय आलू अनुसंधान केंद्र मोदीपुरम, मेरठ की प्रधान वैज्ञानिक डॉ बबिता चौधरी व डॉ महिलाल ने आलू एवं अन्य फसलों में लगने वाले रोग व उनकी रोकथाम के बारे में बताया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक दीपक कुमार ने धान की फसल में लगने वाली बीमारियों व रोकथाम, अविनाश चौहान ने धान की उन्नत प्रजातियों एवं फसल चक्र की उपयोगिता, डॉ राजेश कुमार ने पशुओं में लगने वाली बीमारियों की रोकथाम के बारे में बताया। केंद्र के पुष्पराज यादव ने किसानों को जैविक उर्वरकों के बारे में बताया। राजपुत्र ने किसानों को मिलने वाली योजनाओं एवं अन्य लाभों के बारे में बताया। कार्यक्रम में गन्ना विभाग के डॉ नीरज तोमर, ग्राम पंचायत के प्रधान व किसान उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं को दिलाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ




**बिलारी, अमृत विचार :** हरि मंगल विद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण दिवस मनाया।इस दौरान छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में डॉ . ज्योति गुप्ता, सुरेंद्र चौहान, शंकर सिंह, यूसुफ अब्दुल्ला, राजवीर सिंह, मोहित यादव आदि का सहयोग रहा। छात्र-छात्राओं में विपिन कुमार, दिव्य प्रकाश, नंदिनी, आयुषी, रजत सिंह, हिमांशी, कल्पना, कविता, नेहा आदि ने पेड़ पौधे लगाए।

### योगी के जन्म दिवस पर भाजपाइयों ने बांटे फल



**बिलारी, अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 53वां जन्म दिन धूमधाम से मनाया। गुरुवार को कार्यकर्ता बिलारी स्थित महाराणा प्रताप चौक पर इकट्ठा हुए। यहां गरीबों में फल वितरण कर केक काटा गया और योगी की लंबी आयु की ईश्वर से कामना की गई। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष डॉ मदन बंसल, महामंत्री मनोज ठाकुर, महामंत्री निहाल सिंह, सुरेंद्र शर्मा ,पूर्व महामंत्री धर्मेंद्र गांधी, रजनीश गर्ग, राहुल शर्मा, राजकुमार सागर ,विजय सक्सेना, मेघपाल सिंह, राजीव सैनी, सीताराम कश्यप, एसपी कंडेरा, नरेश गुप्ता, सुरजीत चौधरी, रामनिवास शर्मा, प्रशांत चौधरी, वीरपाल सिंह कोरी, मनोज चौधरी, सुमित चौधरी, अमित चौधरी, हरपाल सिंह, गिरीश बाबू, सत्येंद्र चौधरी ,कमल गुप्ता, जयदेव मौर्य आदि उपस्थित रहे।

### कोटेदार के खिलाफ प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** 2 किलो राशन कम देने का विरोध करने पर कोटेदार द्वारा सिर में रॉड मारकर घायल करने के मामले में तहरीर के बाद भी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज नही किया। गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर पीड़ित परिजनों ने प्रदर्शन कर कानूनी कार्यवाही की मांग की।कोतवाली क्षेत्र के गांव रामूवाला गणेश निवासी केवेंद्र सिंह पुत्र नत्थू सिंह के परिजनों का कहना है कि पुलिस ने घायल का मेडिकल भी कराया। दो जून को तहरीर दी लेकिन पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने के विरोध में परिजनों ने गुरुवार को प्रदर्शन कर धरना देने की चेतावनी दी। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपी दबाव बना धमका रहे है। प्रदर्शन करने वालों में महावीर सिह, मोना देवी मौजूद रहे ।

खबरें www.amrit vichar.com पर भी पढ़ें

## मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने राहगीरों को पिलाया शरबत


राहगीरों को शरबत का वितरण करते भाजपा नेता व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** गुरुवार को गंगा दशहरा एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मेन बाज़ार में भीषण गर्मी में राहगीरों को शरबत का वितरण किया गया। राहगीरों ने शरबत पीकर राहत की सांस ली।

पूर्व भाजपा नगराध्यक्ष एवं समाज सेवी अभय कुमार विश्नोई ने गुरुवार को गंगा दशहरा एवं योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में अपने प्रतिष्ठान पर भीषण गर्मी के चलते स्टॉल लगाकर मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों एवं वाहन चालकों को ठंडे पानी व शरबत का वितरण किया। राहगीरों ने ठंडा शरबत पीकर राहत की सांस ली। अभय कुमार विश्नोई ने बताया कि गंगा दशहरा एवं मुख्यमंत्री के जन्मदिन व अत्यधिक गर्मी के कारण शरबत वितरण का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर, संजय कुमार बिश्नोई, अशोक कुमार विश्नोई, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान, मनोज बिश्नोई, पार्थ बिश्नोई वंश बिश्नोई, प्रमोद बिश्नोई, अशोक बिश्नोई, विनय सैनी, लक्ष्मण सिंह, मोंटू बिश्नोई, गौरव बिश्नोई, अक्षय गुप्ता साजिद रोहतास आदि लोग उपस्थित रहे। रामलीला मंदिर, पेट्रोल पंप तिराहा, एवं नगर के अन्य स्थानों पर भी स्टाल लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया गया।

पर्यावरण दिवस एवं समाजसेवी संतोष देवी की पुण्यतिथि पर पौधरोपण एवं शरबत का वितरण किया गया। समरपाल सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख, नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ मोहम्मद यूसुफ ,मा. हिमांचल चौहान सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य, संदीप चौहान उप निरीक्षक थाना कांठ, कर्नल वीके सिंह, सत्यवान राजपूत, सूरज सिंह गुर्जर, अंकुश चौहान, प्रमोद चौहान, सुनील चौहान, कैलाश चंद्र चौहान, धर्मेंद्र चौहान आदि उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों ने मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण कर सीएम योगी का 53वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। गुरुवार को गंगा दशहरा, विश्व पर्यावरण दिवस व सीएम योगी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता शिवांशी सिंह पेट्रोल पंप बालापुर में एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया। भाजपा जिला मंत्री भानुप्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष कपिल कुमार चौहान, महामंत्री शरद विश्नोई, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित चौहान, ब्रजराज सिहं, नरेंद्र सिंह, राहुल चौहान आदि रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरे पुत्र का नाम ARIB था अब बदल कर AARIB KAZMI S/O MUBEEN ASGHAR R/O MOHALLA GUZRI AMROHA DISTT AMROHA रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**

मैंने अपना नाम BABBOO ALI से बदलकर BABBU ALI रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व पढ़ा लिखा जाए। **बब्बु अली पुत्र रियासत अली निवासी वसावनपुर डाकखाना सिढ़लऊ नजरपुर जिला मुरादाबाद।**

**मॉडल पब्लिक एजूकेशन कॉलेज**
NAAC with Grade "B"
बहजोई रोड, चन्दौसी- 244412 (सम्भल)
(सम्बद्ध गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद)
**आवश्यकता है**
**प्राचार्य- 01**
**स्नातक पाठ्यक्रम हेतु प्राध्यापक**
**बी.ए. हिन्दी विषय- 01**
**बी.ए. अंग्रेजी विषय- 01**
(योग्यता व अनुभव- गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के नियमानुसार)
इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय में अपना आवेदन अतिशीघ्र पूर्ण करके अंकपत्रों, प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड और पैन कार्ड सहित विज्ञापन प्रकाशित होने के 15 दिनों के अन्दर निम्न पते पर भेजें।
**मॉडल पब्लिक एजूकेशन कॉलेज**
बहजोई रोड, चन्दौसी- 244412 (सम्भल)
**मो. 9412140100, 05921-356061**
ई-मेल mpec76@gmail.com

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## डिजिटल उपवास कर ऊर्जा को मौन साधना की ओर मोड़ा

संवाददाता, भोजपुर

- **भोजपुर में डिजिटल फास्टिंग एवं साइलेंट मेडिटेशन कार्यशाला का आयोजन**

**अमृत विचार:** राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को पर्यावरण दिवस व योग पर्व के उपलक्ष्य में डिजिटल फास्टिंग एक दिन बिना मोबाइल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को आंतरिक शांति की अनुभूति कराना था।

छात्रों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों ने मोबाइल फोन से एक दिन का डिजिटल उपवास करते हुए अपनी ऊर्जा को मौन साधना एवं योग की प्राचीन कलाओं की ओर मोड़ा। शांत वातावरण में आयोजित साइलेंट मेडिटेशन सत्र में सहभागियों ने बिना किसी शब्द के आत्ममंथन का अनुभव किया। स्ट्रीट वर्कशॉप के माध्यम से डिजिटल तनाव, मानसिक स्वास्थ्य और तकनीकी निर्भरता के प्रभावों पर संवाद हुआ। संयोजक डॉ. एसके गुप्ता ने तनाव प्रबंधन श्वसन तकनीकों प्राणायाम और ध्यान के सरल उपायों को प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा आज के समय में जब हर कोई मोबाइल से बंधा हुआ है, ऐसे प्रयास मानसिक संतुलन को सुधारने में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम का समापन योग एक यात्रा है स्वयं से स्वयं तक की भावना के साथ हुआ। डॉ. शालिनी गुप्ता के संयोजन में पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी के अंतर्गत सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक अटल जी का राष्ट्र निर्माण में योगदान रहा।

## अधिवक्ताओं के सभी नामांकन पत्र मिले वैध

**कांठ, अमृत विचार:** तहसील बार एसोसिएशन वार्षिक चुनाव 2025 के लिए प्रत्येक पद हेतु अधिवक्ताओं द्वारा कराए गए नामांकन वैध पाए गए हैं। तहसील बार एसोसिएशन वार्षिक चुनाव 2025 की कार्यकारिणी के लिए अधिवक्ताओं द्वारा बीते दो दिनों से अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष पद, महासचिव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, सह सचिव प्रशासन, सहसचिव प्रकाशन, कोषाध्यक्ष, सदस्य कार्यकारिणी के लिए अपने नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। गुरुवार को नामांकन पत्रों पर आपत्तियां प्रस्तुत की जानी थीं। किसी भी अधिवक्ता द्वारा आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई। एल्डर कमेटी के महावीर सिंह, शहजाद रफी खान, संजीव कुमार ने जांच के दौरान सभी अधिवक्ताओं के नामांकन पत्र वैध पाए।

## शरबत, कढ़ी चावल वितरित


शरबत वितरित करते भाजपा नेता विश्वास यादव लवली, सभासद राकेश यादव।

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** बिलारी नगर व देहात क्षेत्र में गंगा दशहरे के पावन पर्व पर समाजसेवियों ने जगह-जगह शिविर लगाकर ठंडा शरबत और कढ़ी चावल आदि का वितरण किया। मान्यता है कि गंगा दशहरे पर शरबत आदि बांटने से पुण्य मिलता है।

गुरुवार को गंगा दशहरे के पर्व पर नगर के नेहरू चौक पर शरबत और कढ़ी चावल वितरित की गई। जिसमें अमित सिन्हा आदि रहे। चंदौसी रोड पर भाजपा नेता विश्वास यादव लवली ,सभासद राकेश यादव ,विनीत यादव, हिम्मत सिंह, भूरे यादव, रणवीर सिंह, सोनू ठाकुर, सौरभ कुमार, सचिन ,अमित यादव आदि ने ठंडे शरबत वितरित किया । इसके अलावा नगर के सर्राफा बाजार ,झंडा चौक ,आराध्या मेकओवर ,शाहाबाद रोड, नई सड़क ,मोहल्ला बाजार ,ओरिएंटल बैंक रोड के अलावा श्री रामकली आश्रम मंदिर ,रुस्तम नगर सहसपुर, अमरपुर काशी, रेलवे स्टेशन रोड मील, टांडा अमरपुर, हाथीपुर आदि गांव में भी शरबत वितरित कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# चोरी के ट्रैक्टरों का धंधा... 32 लोगों पर लगा गैंगस्टर

## पुलिस ने गैंग लीडर सहित 10 को किया गिरफ्तार, नखासा थाना क्षेत्र में था ट्रैक्टर व पुर्जे बेचने का बाजार

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** संभल के नखासा थाने की पुलिस ने चोरी के ट्रैक्टर खरीद कर उनसे जनरेटर बनाने व पुर्जे बेचने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गिरोह से जुड़े 32 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया है। इनमें से सरगना सहित 10 को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस इनकी संपत्ति भी जब्त करने की तैयारी कर रही है।

संभल जनपद के रायसत्ती इलाके में बड़ा ट्रैक्टर बाजार संचालित था। जहां न सिर्फ दूसरे राज्यों से लाए गए ट्रैक्टर बेचे जाते थे बल्कि चोरी के ट्रैक्टरों के पुर्जों से जनरेटर भी बनाए जाते थे। दो साल पहले पुलिस ने इस धंधे से जुड़े लोगों पर कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर बाजार पर छापेमारी की थी। 100 से ज्यादा ट्रैक्टरों के पुर्जे और उनसे बने जनरेटर बरामद किए गए थे।



पुलिस गिरफ्त में गिरोह के सदस्य, जानकारी देते एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई। ● अमृत विचार

● **दो साल पहले पुलिस ने सौ से ज्यादा ट्रैक्टरों के पुर्जे व उनसे बनाये जैनरेटर किये थे बरामद**

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस जांच में पता चला कि संगठित गिरोह कई राज्यों से चोरी के ट्रैक्टर लाकर बेचता था बल्कि इंजन से जनरेटर बनाकर बेचता था। गिरोह का नेटवर्क बिहार,झारखंड,मध्यप्रदेश सहित कई प्रदेशों में फैला था। पता चला कि गिरोह का सरगना नखासा थाना क्षेत्र के ही भदे सराय का रहने वाला जुबेर पुत्र एहसान था जबकि उसके साथ 31 अन्य सदस्य चोरी के ट्रैक्टरों के गैर कानूनी कारोबार में शामिल थे। नखासा थाना पुलिस ने सरगना जुबेर सहित गिरोह के 32 सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उनकी धरपकड़ की कार्रवाई की है।

### गिरोह से जुड़े लोगों की संपत्ति होगी कुर्क

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि इस गिरोह ने चोरी के ट्रैक्टर व उनके पुर्जे बेचने के गैर कानूनी कारोबार से बड़े पैमाने पर संपत्तियां अर्जित की हैं। इन्होंने गैर कानूनी तरीके से जो संपत्तियां अर्जित की हैं उन्हें कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इन सभी के द्वारा अर्जित की गई संपत्तियों का पता लगा रही है। इसके बाद कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाएगा।

### सरगना जुबेर सहित 10 की हुई गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस ने गिरोह के सरगना जुबेर के साथ ही मोहम्मद फुरकान पुत्र नसीबुल्लाह निवासी खग्गूसराय, आसिफ पुत्र इजराइल निवासी गुलजार नगर कालाखेड़ा, ग्यास उर्फ ग्यासुद्दीन पुत्र इसराइल निवासी गुलजार नगर, शाह आलम उर्फ साहिबे आलम पुत्र रिहान उर्फ भूरा निवासी शाहबाजपुरा, फैजान पुत्र उस्मान निवासी अनवारे मदीना मस्जिद शाहबाजपुरा, नईम पुत्र खुर्शीद निवासी छलो वाला मोहल्ला ठंडी कोठी दीपा सराय संभल, मोहम्मद उरूज पुत्र महमूद हुसैन निवासी शहबाजपुरा खुर्द, अरमान पुत्र मोहम्मद अनीस मोहल्ला रायसत्ती खेड़ा व शाहनवाज पुत्र शरीफ अहमद निवासी खग्गू सराय सहित 10 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। बाकी सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें काम कर रही हैं।

## एक नजर

### भारत विकास परिषद ने बांटा शरबत

**संभल, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद संभल कल्कि की ओर से छंगामल कोठी पर गंगा दशहरा पर शरबत वितरण किया गया। भीषण गर्मी में शरबत पीकर लोगों ने राहत महसूस की। इस दौरान अध्यक्ष प्राची गुप्ता, सचिव मुदिता गुप्ता, अमित गुप्ता, उमेश गर्ग, शशि भूषण शास्त्री, राकेश अग्रवाल, उमेश गर्ग, मनीष गुप्ता, नीरा गर्ग, मधु गर्ग, ऊषा अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, शीतल गुप्ता आदि रहे।

### निभानी चाहिए पर्यावरण सुरक्षा की जिम्मेदारी

**असमोली, अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र में एमएम कोचिंग सेंटर के शिक्षकों और छात्र छात्राओं ने पर्यावरण दिवस के पौधे लगाने की शपथ ली। सेंटर के डायरेक्टर मोहम्मद मूनिस ने कहा कि यह दिन प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को समझने और प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर ध्यान देने का अवसर है। प्रकृति हमें शुद्ध हवा, पीने का पानी, उपजाऊ मिट्टी और जीवन के लिए आवश्यक हर चीज प्रदान करती है।

### महिला व बच्चे सहित चार को गोताखोरों ने बचाया

**बबराला,अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर गंगा स्नान करने आए महिला, बच्चे सहित चार स्नानार्थी डूबने लगे। गोताखोरों ने चारों को सुरक्षित निकाल लिया।गुरुवार सुबह सवेरे लीगढ़ निवासी सोनू (22) और छोटे (21) अपने साथियों संग गंगा में नहा रहे थे। दोनों पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगा सके और डूबने लगे। साथियों ने शोर मचाया तो गंगाघाट पर मौजूद गोताखोर मोहनलाल और उसके साथियों ने मोटरवोट से बहती धार में फंसे युवकों को सकुशल बाहर निकाल लिया। इसके अलावा सुबह करीब 10 बजे एक महिला और एक बच्ची को भी गोताखोरों ने डूबने से बचाया।

### पौधे रोपित कर पक्षी विहार में की साफ सफाई

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सिरसी में पशुचर भूमि में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर पौधे रोपित किए गए। पक्षी विहार में साफ सफाई की गई। पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। अभियान में नगर पंचायत अध्यक्ष कौसर अब्बास, अता अब्बास, पप्पू, कमर, रईस अहमद, राहुल, संजय आदि रहे।

## शार्ट सर्किट से हैंडीक्राफ्ट कारखाने में लगी आग, लाखों का नुकसान

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन में शॉर्ट सर्किट से हैंडीक्राफ्ट कारखाने में आग लग गई। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग से लाखों रुपये का सामान जल गया।

सरायतरीन के मोहल्ला हौज कटोरा निवासी मोहम्मद ताहिर का हैंडीक्राफ्ट कारखाना मोहल्ला कोटला में है जिसमें सींग से निर्मित उत्पाद रखे थे। बुधवार को देर रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। पड़ोसियों ने आग की लपटें और धुआं उठता देखा तो सूचना दी। मोहम्मद ताहिर आदि मौके पर पहुंचे। लोगों ने सबमरसेबिल चलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। जिसके बाद सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ी पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया। चौकी प्रभारी सुधीर कुमार भी टीम के साथ पहुंच गए। बताया गया कि आग लगने से लाखों रुपये का सामान राख हो गया।

# गंगा दशहरा पर लाखों श्रद्धालुओं ने किया स्नान

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

**अमृत विचार:** गंगा दशहरा पर स्नान के लिए गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए। राजघाट की ओर जाने वाले भारी वाहनों को बबराला में ही रोक दिया गया।

भागीरथी गंगा के धरती पर अवतरण दिवस पर गुरुवार को गंगा दशहरा मनाया गया। तड़के से ही राजघाट, सिसौना डांडा, असदपुर, साधु मढ़ी आश्रम घाट, ईसमपुर डांडा आदि गंगा घाटों पर श्रद्धालु उमड़ पड़े। सुबह से शाम तक लोगों ने स्नान किया। अनुमान है कि राजघाट में ही एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया।

घाटों पर गंगा दशहरा स्नान को लेकर पुलिस प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए। बबराला - राजघाट सड़क मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया। राजघाट में पुलिस, रैपिड रिस्पांस फोर्स, एसडीआरएफ और होमगार्ड के सौ से ज्यादा जवान तैनात रहे। वहीं, ट्रैफिक प्लान के तहत रूट डायवर्ट भी किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा, क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी और थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते रहे। रास्ते में जाम न लगे, इसके लिए मीरमपुर बंदा से दो पहिया और छोटे वाहनों को मुक्ति धाम शांति उपवन के रास्ते पर मोड़ा गया। गंगा आरती पुरोहित सत्यम मिश्रा ने बताया कि पौराणिक मान्यता है कि मां गंगा ने आज के दिन ही धरती पर अवतरित होकर राजा भागीरथ के पुरखों का उद्धार किया था। इसीलिए आज के दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है।



बबराला के राजघाट गंगा तट पर स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### रेलवे पुल पर रोका गया पैदल आवागमन

राजघाट में गंगा रेल पुल पर मरम्मत और मजबूतीकरण कार्य के चलते इधर से जाने वाला रास्ता बंद कर दिया गया। गुरुवार को यहां आरपीएफ की तैनाती रही। हालांकि, उधर से आने वाले फुटपाथ पर लोगों को जाने दिया जा रहा है और उसी फुटपाथ गैलरी से लोग इधर आ रहे हैं। मरम्मत कार्य पूरा होने तक पुल पर चौकसी रहेगी। गंगा रेल पुल पर इन दिनों पुराने स्लीपर हटाकर नये एचबीम चैनल स्लीपर लगाने का काम चल रहा है।

# किसानों ने मिट्टी लदे डंपर रोक कर किया प्रदर्शन



संभल के गांव में खनन के डंपर रोककर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र में पंवासा से आटा मार्ग पर किसानों ने मिट्टी से भरे डंपरों को रोक कर प्रदर्शन किया। खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई।

पंवासा पुलिस चौकी से आटा मार्ग पर सड़क किनारे लगी मैंथा व मक्का की फसल को उड़ती धूल, मिट्टी से नुकसान पहुंच रहा है। मिट्टी लदे डंपरों से मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गया है। लोगों को परेशानी हो रही है। गुरुवार को किसानों ने मिट्टी लदे डंपरों के आगे बाइकें लगाकर रोक लिया और प्रदर्शन किया। किसानों ने आरोप लगाया कि खनन विभाग और पुलिस की मिलीभगत से अवैध खनन हो रहा है। कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इस दौरान अभयपाल सिंह राघव, नन्हें, सतपाल सिंह, चुन्नू शर्मा, प्रेमपाल सिंह, अनेक सिंह, ताज मोहम्मद, शैलेश, सोमेंद्र आदि रहे।

## तालाब में उतराता मिला किसान का शव

**गुन्नौर, अमृत विचार :** मक्का फसल की रखवाली करने खेत पर गए किसान का शव तीसरे दिन तालाब में उतराता मिला। कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़िया निवासी अजयपाल (47 वर्ष) पुत्र भूपसिंह मंगलवार देर शाम मक्का के खेत की रखवाली करने गए थे। बुधवार सुबह घर नहीं लौटे तो परिजनों ने सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। गुरुवार तड़के करीब पांच बजे गढ़िया से गुन्नौर जाने वाले रास्ते के पास स्थित तालाब में शव मिला तो परिजन सन्न रह गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की ओर से अभी तहरीर नहीं मिली है।



मृतक अजयपाल।

# मक्के से सफर का कदीमी जुलूस निकाला

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी

**अमृत विचार :** सिरसी के मोहल्ला शर्की सादात में इदारा ए हाशमी की ओर से मक्के से सफर का कदीमी जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में अजादारों ने जियारत की।

गुरुवार को सुबह नमाज के बाद नवाब हसन के मकान पर मजलिसे अज़ा शुरू हुई जिसमें मर्सिया ख़्वानी खबर रजा और उनके हमनवा ने पढ़ी। मौलाना अतहर अब्बास मुजफ्फरनगरी ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद जुलूस मक्के से सफर निकाला गया। जिसमें खावर रजा ने सवारी और अंजुमने हाशमी ने नौहाख्वानी पढ़ी।

मौलाना मेहजर अली ने तकरीर की। जुलूस कर्बला शर्की सादात में समाप्त हुआ। जुलूस में संभल, इकरोटिया, सिरपुड़ा, बुकनाला सादात मुरादाबाद आदि के आजादारों ने जियारत की। इफ्तेखार हुसैन, असद अब्बास, जिया अब्बास, मीर सादिक सिरसीवी, आलिम रजा, हसीब असगर, मंसूर रजा, जिया अब्बास, मेहजर, नसीम हैदर, मुसाईब हुसैन नकवी, ताजीम रजा, शहाब रजा, मौलाना असगर, शहवाज राजा, अजमल, समद, मोहम्मद वसीम, फहीम रजा, शब्बर, बली रजा, नावेद, कसीम आदि रहे।



सिरसी में मक्के से सफर का जुलूस निकालते शिया मुसलमान। ● अमृत विचार

● **जुलूस में बड़ी संख्या में अजादारों ने की जियारत**

# रेस्टोरेंट पर छापेमारी, लिए सैंपल

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** मुख्य बाजार में संचालित रेस्टोरेंट में गुरुवार शाम एसडीएम के नेतृत्व में अधिकारियों ने छापेमारी की। रेस्टोरेंट में खाद्य पदार्थों से लेकर बिजली मीटर को लेकर जांच की गई। खाद्य पदार्थों के तीन सैंपल लिए जबकि एक्सपायर्ड बंद को सील किया। बिजली को लेकर अनियमितता पाई गई।

एसडीएम डॉ.वंदना मिश्रा गुरुवार शाम मुख्य बाजार में चल रहे मेहंदी फूड्स रेस्टोरेंट बिला रेस्टोरेंट पहुंची। जेई विनियमित क्षेत्र सचिन सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह और बिजली विभाग के एसडीओ प्रथम संतोष त्रिपाठी ने जांच पड़ताल शुरू की। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और शुद्धता देखी गई। नक्शे के बारे में जानकारी ली गई। बिजली विभाग ने मीटर को लेकर जांच की। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि ग्रेवी, चिकन मोमोस, तंदूरी चिकन के सैंपल लिए जबकि एक्सपायर्ड बंद का सील किया। एसडीओ प्रथम संतोष त्रिपाठी ने कहा कि रेस्टोरेंट में एक परिसर से दूसरे परिसर में बिजली ले जाने की अनियमितता पाई गई। यहां तीन मीटर लगे हैं, इनमें दो घरेलू और एक कामर्शियल है। एक मीटर बकाये के चलते उतारा जा चुका है। एसडीएम डॉ.वंदना मिश्रा ने कहा कि रेस्टोरेंट की शिकायतें मिली थीं। खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए हैं। नक्शा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। बिजली विभाग की टीम भी मीटर को लेकर जांच कर रही है। मानक के अनुरूप रेस्टोरेंट का संचालन नहीं पाया गया।



रेस्टोरेंट पर जांच करते खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

● **एसडीएम के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग और बिजली विभाग ने की जांच पड़ताल**

## डीएम को गैरहाजिर मिले तीन बाबू, मांगा स्पष्टीकरण

**बहजोई,अमृत विचार:** डीएम ने विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारियों के दफ्तर का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान दफ्तरों में तीन बाबू अनुपस्थित मिले। जिनका स्पष्टीकरण जारी करने के डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

डीएम राजेंद्र पैंसिया सीडीओ गोरखनाथ भट्ट के साथ औचक निरीक्षण के लिए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग पहुंचे। जहां उन्होंने कर्मचारियों व अधिकारियों की उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया। जिला खाद्य एवं सुरक्षा दफ्तर, चकबंदी कार्यालय जिला सूचना अधिकारी दफ्तर का भी निरीक्षण किया। डीएम ने उपस्थित पत्रिका चेक की तो तीन बाबू गैर हाजिर मिले।अधिकारियों को गैर हाजिर रहने वाले बाबुओं को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। कहा कि दफ्तर में साफ सफाई रखी जाए।

## दूसरे जिलों में लगेंगे संभल हिंसा में फरार आरोपियों के पोस्टर



संभल हिंसा के समय पुलिस द्वारा जारी चित्र। ● अमृत विचार

**संभल, अमृत विचार:** संभल में 24 नवंबर को हिंसा में शामिल आरोपियों के पोस्टर आसपास के जनपदों में भी लगाए जाएंगे।

संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद में सर्वे की कार्रवाई के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। हजारों की भीड़ ने पुलिस पर पथराव ,फायरिंग के साथ ही वाहनों में आगजनी भी की थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से बवाल में शामिल आरोपियों की पहचान की थी। हिंसा में शामिल 90 से ज्यादा आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। अभी भी कई आरोपी फरार हैं। पुलिस ने इन आरोपियों के पोस्टर संभल में लगवाए थे। बावजूद उनकी पहचान नहीं हो पाई। अब फरार आरोपियों के पोस्टर दूसरे जनपदों में भी लगवाने का फैसला लिया पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि संभल में पोस्टर लगाने के बाद भी कुछ चेहरों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। हो सकता है आरोपी किसी दूसरे जनपद के हों। इसी वजह से जल्द ही उपद्रवियों के पोस्टर दूसरे जनपदों में भी लगाए जाएंगे।

## सार संक्षेप

### गंगा दशहरा पर श्री देवी गंगा मंदिर में भजन-कीर्तन



**चन्दौसी, अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर श्री देवी गंगा मंदिर पर धूमधाम सेआरती की और भजन-कीर्तन किया गया। कैथल गेट स्थित मंदिर पर महंत पं. मनोज शर्मा व पं. प्रवेश शर्मा द्वारा वेद-मंत्रों के साथ मां गंगा की मूर्ति का पंचामृत स्नान कराकर सुंदर श्रंगार किया गया। कथा वाचक पं. भूदेव शंखधार ने श्रद्धालुओं को गंगा दशहरा पर्व का महत्व बताया। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इसके बाद महाआरती की गई। लक्ष्मी देवी, कंचन, पूनम, किरन शर्मा, सरोज, श्वेता, सुषमा, राहुल चौधरी, प्रतिभा चौधरी, आयुष, शिवम, विनायक, प्रियांशु, कृष्णा, अनमोल, निर्मल, सर्वेश, पुष्पा, ब्रह्मा, रजनी चौधरी, यथार्थ चौधरी आदि मौजूद रहे।

### केक काट मनाया योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस



**बहजोई,अमृत विचार :** बहजोई के गांव लहरावन में लोकसभा सहसंयोजक भुवनेश राघव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन मनाया। एक दूसरे को केक खिलाकर जन्मदिन की खुशियां मनाई।उनके दीर्घायु की कामना की। भुवनेश ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश लगातार विकास कर रहा है। प्रदेश में सुरक्षा का माहौल है। मंडल अध्यक्ष हिरदेश राणा, उमेश चंद्र दिवाकर, राजू राणा, अशर्फीलाल राणा, नाथू सिंह राणा, शिबू श्रीमाली, प्रेमपाल यादव, धर्मपाल राणा, गांगराम पाल, अमित श्रीमाली, हरपाल सिंह राणा, डम्बर सिंह राणा सहित आदि मौजूद रहे।

### ब्राह्मण महासभा ने उपजिलाधिकारी को किया सम्मानित



**चन्दौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा एवं सर्व समाज जागरुकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र व जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र शर्मा द्वारा उपजिलाधिकारी विनय कुमार मिश्रा को पौधा भेंट कर, पगड़ी पहनाकर, शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। माधव मिश्र ने बताया कि पौधे हमारे जीवन में अतिआवश्यक है। तहसीलदार रवि सोनकर, नायब तहसीलदार नमिता देवी, रश्मि शर्मा, डॉ. शिवांगी मिश्रा, हरिओम सिंह, पूर्व तहसील बार अध्यक्ष अमर सिंह यादव व शिवओम शर्मा, पूर्व सचिव बलराम शर्मा, पिंटेश शर्मा, लोकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### गंगा दशहरा पर लोगों को पिलाया शरबत



**संभल, अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर संभल शहर में शहजादी सराय, यशोदा चौराहा के पास, हल्लू सराय, मोहल्ला ठेर समेत कई स्थानों पर शरबत वितरित किया गया। दक्ष प्रजापति युवा एकता मंच संभल की ओर से हयातनगर में चामुंडा मंदिर पर शरबत वितरण कार्यक्रम हुआ। मिंटू कुमार प्रजापति, राजेश कुमार प्रजापति, उमेश कुमार प्रजापति, पप्पू प्रजापति, हर्षित प्रजापति, अंकित प्रजापति, रोहित प्रजापति, प्रमोद कुमार प्रजापति, रामनिवास प्रजापति, यादराम प्रजापति, ओमकार प्रजापति, नरेश प्रजापति, सचिन प्रजापति, प्रदीप कुमार प्रजापति, सुनील कुमार प्रजापति, सौरव कुमार प्रजापति, राजेंद्र कुमार प्रजापति, मनोज कुमार प्रजापति, शिशुपाल प्रजापति विनोद प्रजापति आदि रहे।

### पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ, लगाये पौधे



**बबराला,अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर रोटरी क्लब बबराला गंगा और भानु आई चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। चिकित्सा विद डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, डॉ. सुधीन्द्र शर्मा, डॉ. रिजवान अहमद, डॉ. राहुल यादव, चिंताहरण सिंह, अनिल गुप्ता, संदीप गुप्ता, अरुण वार्ष्णेय डिंपल, नितिन वार्ष्णेय और कार्तिक गोयल, सत्यम मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे। गुन्नौर के कंपोजिट विद्यालय रसूलपुर में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ की ओर से पौधरोपण कर खंड शिक्षा अधिकारी विनोद मेहरा और प्रधानाध्यापक ब्रजकिशोर यादव सहित तमाम बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र के गांव अतरासी निवासी पुष्पेंद्र (40 वर्ष) गुरुवार को पत्नी कमलेश, बेटे शनि के साथ अमरोहा जनपद के ढेकला में स्थित ससुराल से बाइक से लौट रहा था। सौंधन गांव के पास सड़क पर सूख रही मक्का की फसल के साइड से निकालते समय सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे पुष्पेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पुष्पेंद्र को उपचार के लिए संभल भेजा। अस्पताल में उपचार के दौरान पुष्पेंद्र की मौत हो गई। ग्रामीणों ने पीछा किया तो चालक ट्रैक्टर बागड़पुर में छोड़कर भाग गया।

### करंट से मजदूर की मौत, परिजनों का हंगामा

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव चंदन कटी मौजा निवासी रोहतास पुत्र अशोक गांव लालपुर तीतरी में हाइटेंशन लाइन बिछाने का कार्य कर रहा था। शाम को करीब पांच बजे करंट से रोहतास झुलस गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां देरशाम मौत हो गई। परिजन शव को लेकर बिजलीघर पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस भी पहुंच गई।

### बीज की दुकानों पर छापेमारी कर लिए नमूने

**संभल, अमृत विचार :** संभल में बीज की 26 दुकानों पर छापेमारी की गई। 22 के नमूने लिए गए जबकि तीन को नोटिस जारी किया गया है। उप कृषि निदेशक अरुण त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी प्रबोध मिश्रा, अपर जिला कृषि अधिकारी ने 26 स्थानों पर छापे की कार्रवाई की। बताया गया कि बीज की दुकानों से 22 नमूने लिए गए हैं जिन्हें टेस्ट करने के लिये प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

## बंदरों के हमले में छत से गिरा युवक गंभीर घायल

**हसनपुर,अमृत विचार :** सैदनंगली थाना क्षेत्र के गांव मे बंदरों के झुंड के हमले से एक युवक छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को आनन-फानन में सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव चमर पतेई निवासी गुड्डू पुत्र मन्नू गुरुवार की सुबह अपनी छत पर खड़ा था। अचानक बंदरों के एक झुंड ने उस पर हमला कर दिया। हड़बड़ा कर छत से नीचे आ गिरा और बुरी तरह घायल हो गया। परिजनों ने तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है, जिससे आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।

# बृजघाट व तिगरीधाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## ज्येष्ठ दशहरा पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी, स्नान के बाद दान-दक्षिणा दी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर बृजघाट व तिगरीधाम स्थित गंगा में स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। भोर से ही गंगा तट श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। श्रद्धालुओं ने गंगा में अस्था की डुबकी लगाई और सूर्य को अर्घ्य देकर मां गंगा को पुष्प और दीप अर्पित कर पुण्य कमाया। इस दौरान बृजघाट गंगातट पर मेला भी लगा।

गुरुवार की सुबह तड़के से ही श्रद्धालुओं ने गंगास्नान शुरू कर दिया। बहुत से श्रद्धालुओं ने तो बुधवार की रात से ही बृजघाट पहुंचना शुरू कर दिया था। उन्होंने सूर्य की पहली किरण के साथ गंगास्नान किया तथा सूर्य को अर्घ्य देकर गंगा की आरती की। मंदिरों में पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ कमाया। हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली राज्यों के अलावा मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल आदि जनपदों के श्रद्धालु गंगास्नान करने बृजघाट व तिगरी गंगा धाम पहुंचे। भोर के चार बजे तक गंगा तट श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और सूर्य को अर्घ्य देकर पुण्य कमाया। उधर, सुरक्षा को देखते हुए गंगा की गहराई होने पर खतरे का निशान लगाते हुए बैरीकेडिंग की गई थी। बोट में बैठकर पुलिस कर्मी व पीएसी की टीम ने श्रद्धालुओं पर कड़ी नजर बनाए रखी। इस दौरान गंगा तट पर मेले का आयोजन भी किया गया। उधर, तिगरी गंगा तीर्थ स्थल पर भी मेले का आयोजन किया गया। गंगा में हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान किया। व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा।


ज्येष्ठ दशहरा पर गंगा में स्नान करते बड़ी संख्या में श्रद्धालु। ● अमृत विचार


पूठधाम में स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### पूठ गंगा घाट मेले का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**हसनपुर,अमृत विचार :** ज्येष्ठ दशहरा के पावन अवसर पर पूठ गंगा घाट पर आयोजित मेले का उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव ने गुरुवार को निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं को गहरे पानी में न जाने की हिदायत दी। पुलिस व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने मेले में गंदगी न फैलाने की अपील करते हुए स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। मेले में उपस्थित श्रद्धालुओं से एक वृक्ष मां के नाम लगाने की अपील की। ग्राम प्रधान करन सिंह, रोजगार सेवक प्रीतम सिंह, अजय कुमार, कैलाश सिंह, रूम सिंह और हल्का दरोगा विजेंद्र सिंह भी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### बृजघाट पुलिस चौकी पर शरबत वितरण

ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व पर भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं की प्यास बुझाने के लिए बृजघाट पुलिस चौकी पर शरबत वितरित किया गया। नेशनल हाईवे स्थित गजरौला के बृजघाट पुलिस चौकी पर ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व पर चौकी प्रभारी नितेंद्र वरिष्ठ के नेतृत्व में शरबत वितरित किया गया। दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक लोगों को शरबत पिलाया गया। इस दौरान बाइक, ई-रिक्शा में सवार लोगों को भी शरबत वितरित किया गया। इसमें चौकी के सभी पुलिस कर्मियों ने सहयोग दिया।

### मुंडन संस्कार कराया

गंगा दशहरा में पर श्रद्धालुओं ने अपने नौनिहाल बच्चों का मुंडन संस्कार कराया। बृजघाट गंगाघाट और तिगरी घाट पर बच्चों के मुंडन संस्कार कराए गए। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया गया।

### लापता बच्चों को मिलाया

गंगा दशहरा पर बृजघाट में मेले में अपनों से बिछुड़े बच्चों को मिलने के लिए खोया पाया केंद्र बनाया गया। इस दौरान केंद्र पर खोए हुए बच्चों को मिलाया गया। पुलिस सुरक्षा में सतर्क रही।

## पूठधाम और पौरारा गंगा घाट पर लोगों ने किया स्नान

**हसनपुर,अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुवार को पूठधाम तथा पौरारा गंगा घाट आदि जगहों पर स्नान किया। सुबह से ही गंगा घाटों पर हर हर गंगे की गूंज रही। गंगा दशहरा का काफी महत्व है। कहते हैं कि इस दिन भगीरथ की तपस्या के बाद गंगा माता धरती पर अवतरित हुई थीं। यही कारण है कि इसे गंगा दशहरा के नाम से पूजा जाने लगा। गुरुवार की सुबह से ही श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए बाइक, ऑटो, ट्रैक्टर एवं पैदल गंगा घाट पहुंचने लगे। वहीं, घाटों पर भक्तों के लिए दुकानें भी सजाई गईं, जिसमें लोगों ने खरीददारी की। गुरुवार की सुबह पूठ गंगा धाम में हसनपुर,बाई खेड़ा, हथियाखेड़ा, मंगरौला, रहरा, चंदनपुर, पौरारा, आदमपुर, ढवारसी, सैदनंगली, चीला, पथरा, रूखालू, शाहपुर कलां, डगरौली आदि गांव के ग्रामीणों का गंगा में स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। पंडित प्रमोद शर्मा ने बताया है कि लगभग पचास हजार श्रद्धालुओं ने स्नान किया।

## नगर में साप्ताहिक बाजार के चलते लगा घंटों जाम


नगर के मुख्य मार्ग पर लगा जाम। ● अमृत विचार

**हसनपुर, अमृत विचार :** अतिक्रमण के चलते साप्ताहिक बाजार के दिन नगर के मुख्यमार्ग पर ई-रिक्शा एवं दो पहिया वाहन के फंसने से लंबा जाम लग गया जो करीब दो-तीन घंटे बाद खुला। राहगीरों को गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा।

नगर में मुख्यमार्ग पर अतिक्रमण कम नहीं हो रहा है। सदर बाजार में सड़क के दोनों ओर लगे फलों के ठेलों, फड़ों, दुकानों के सामने खड़ी बाइकें एवं दुकानों के सामने सड़क किनारे तक सामान फैलाने से जाम की समस्या लगातार गंभीर होती जा रहा हैं। मार्ग से निकलने वालों को लगातार लगने वाले जाम से भी रोजाना जूझना पड़ता है। गुरुवार को साप्ताहिक बाजार होने के कारण सड़क किनारे लगे फलों के ठेले, फड़ों से दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सुबह 10 बजे से लगा लंबा जाम करीब दो-तीन घंटे बाद दोपहर एक बजे खुलने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

# महिला को सांड़ ने पटक-पटक कर मार डाला

संवाददाता ढबारसी

**अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के दमगडा गांव में छुट्टा सांड़ ने रात में अपने घर में सो रही महिला को चारपाई से उठाकर पटक-पटक कर मार डाला। पति बचाने आया तो उस पर भी हमला कर दिया।परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई किए महिला का अंतिम संस्कार कर दिया है। गुस्साए ग्रामीणों ने साड़ों को पकड़वाने की मांग की।


मृतका विद्यावती।

दमगडा गांव निवासी हजारी सिंह खडगवंशी की पत्नी विद्यावती (55) अपने परिवार के सदस्यों के साथ वुधवार रात घर में सो रही थी। घर के मुख्य द्वार पर दरवाजा नहीं लगा था। रात लगभग 2 बजे एक सांड़ घर में घुस गया तथा चारपाई पर सो रही विद्यावती को सींगों पर उठाकर करीब 10 फीट दूर ले जाकर पटक-पटक कर बुरी तरह घायल कर दिया। पत्नी की चीखें सुनकर उठे हजारी सिंह ने विद्यावती को बचाने का प्रयास किया तो सांड़ उसके ऊपर भी हमलावर हो गया। हजारी सिंह ने शोर मचाया तो परिजन व पडोसी जाग गए। घायल महिला को गांव के निजी चिकित्सक को दिखाया। चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

महिला की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने हमलावर सांड़ का पीछा करके पकड़ लिया। प्रशासन से छुट्टा सांड़ों को शीघ्र पकड़वाने की मांग की । मृतका का परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के अंतिम संस्कार कर दिया।


विलाप करते मृतका विद्यावती के परिजन। ● अमृत विचार

- बुधवार रात घर में सो रही थी महिला तभी सांड़ ने कर दिया हमला
- आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन से सांड़ों को पकड़वाने की मांग की

## सार-संक्षेप

### महाविद्यालय में किया गया पौधारोपण




**हसनपुर, अमृत विचार :** पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को झम्मन लाल पीजी कॉलेज हसनपुर में प्राचार्या डॉ. शमा परवीन के निर्देशन में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा और स्वयं सेवियों ने गेंदा ,तुलसी, बेलपत्र अमरूद,आम आदि के पौधे लगाए। प्राचार्या ने कहा कि एक पेड़ अवश्य लगाएं और उसकी देखभालकरें। कॉलेज के चेयरमैन गोपाल सक्सेना ने वृक्षों के महत्व के बारे में बताया। गंगा दशहरा के मौके पर महाविद्यालय में शरबत का वितरण किया गया। एमके भारती,बबिता त्यागी,कुमुद त्यागी,मधु,पंकज, डॉ. शिवा शर्मा,फैसल,अजय कुमार,जहूर, स्वयंसेवी तुषार,शाहजहां,संजू शर्मा, नेहा, शिवि ,खुशी, संजना, महेंद्री, सृष्टि आदि उपस्थित रहे।

### पौधारोपण किया, जागरुकता संगोष्ठी आयोजित



**अमरोहा, अमृत विचार :** श्री वेंक्टेश्वरा संस्थान, वीजीआई मेरठ एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर वृहद वृक्षारोपण संगोष्ठी एवं पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण के साथ पॉलीथीन मुक्त भारत बनाने की अपील की। संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि गुरुवार को ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस है। हम सब मिलकर शपथ लेते है कि जन्मदिन, शादी की सालगिरह, नामकरण संस्कार आदि शुभ अवसरों पर उपहार के रूप में पौधे भेंटकर प्रधानमंत्री क्लीन इंडिया-ग्रीन इंडिया के सपने को साकार करने में योगदान करेंगे। प्लास्टिक प्रदूषण हटाओ-पर्यावरण बचाओ विषय पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग एवं तेजी से जलवायु परिवर्तन का एकमात्र कारण यह है, कि पढे-लिखे समृद्ध लोग भी प्रकृति से दूर होते जा रहे है। हम सभी को मिलकर प्रकृति संरक्षण एवं संवर्धन के लिए काम करना होगा। प्लास्टिक को अपने दैनिक जीवन से बिल्कुल खत्म करना होगा, तभी यह धरा सुरक्षित रहेगी। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी आईएफएस एसपी सिंह ने कहा कि मेरठ एवं मुरादाबाद प्रभाग में वेंक्टेश्वरा एवं वन विभाग के तत्वाधान में 21 सौ पौधों को रोपित किया जा रहा है। रेश चौधरी, वन विभाग के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुमित राठी,कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डेय, डीन एकेडमिक डॉ. राजेश सिंह, डॉ. आशुतोष, डॉ. ज्योति सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर तहसील क्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाकर अपनी धरती को हरा-भरा बनाना चाहिए। सीओ दीप कुमार पंत ने भी सभी से वृक्षारोपण को अपनी नैतिक जिम्मेदारी मानने का आह्वान किया। भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक विनीत कुमार ने कहा कि बैंक सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत ऐसे पर्यावरण हितैषी कार्यों में हमेशा अग्रणी रहेगा। ब्लॉक के कई कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधारोपण



हसनपुर,अमृत विचार : एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जगह-जगह पौधरोपध कर पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया गया ।आदर्श नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी नगर में भी पौधारोपण किया। नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, संजय सहदेव, सभासद शराफत अली,इशांत सैनी, राशिद खान ,कृष्णा सिंह , बाबू करन सिंह, दिवाकर बेदी आदि मौजूद रहे।

### हादसे में घायल मां-बेटे की हालत में सुधार

**हसनपुर,अमृत विचार :** कोतवाली इलाके में बुधवार को संभल मार्ग पर काला खेड़ा गांव के नजदीक हुए हादसे में पिता-पुत्री की मौत और मृतक की पत्नी रीनू एवं 7 वर्षीय बेटा कनिष्क घायल हो गए थे। दोनों घायलों को चौधरपुर के नजदीक स्थित एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। पत्नी के गर्भवस्थ शिशु की मौत हो चुकी है। डॉक्टर द्वारा ऑपरेशन कर बच्चे को गर्भ से निकाला गया। फिलहाल दोनों की हालत में सुधार है। दो लोगों की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## बकरीद कल: चाक चौबंद रहेगी व्यवस्था, ईदगाह पहुंचे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- प्रशासन ने दुरुस्त कीं तैयारियां, डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण
- शहर में ईदगाह पर सुबह 7 बजे अदा की जाएगी नमाज

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर तैयारियां पूरी हो गईं हैं। पुलिस-प्रशासन भी सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पूरी तरह तैयार है। नमाज के लिए ईदगाहों व मस्जिदों में साफ-सफाई की गई है।

शहर में ईदगाह पर शनिवार सुबह 7 बजे नमाज अदा की जाएगी। लोग तय वक्त से पहले पहुंच कर नमाज में शरीक होंगे। बकरीद की नमाज में लोग देश में अमन-चैन की दुआ करेंगे। इसके अलावा जामा मस्जिद सहित शहर की अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज होगी। बकरीद पर सुरक्षा व्यवस्था चौकस करने को लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद है। नमाज को लेकर सभी तैयारी मुक्कमल कर ली गई हैं। गुरुवार को अधिकारियों ने ईदगाह पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम ने साफ-सफाई सहित विभिन्न बिंदुओं पर ईओ को निर्देश दिए।

एसपी अमित आनंद ने नमाजियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए समय से सभी इंतजाम पूरे करने को लेकर निर्देश दिये। पुलिस बल के साथ ही पीएसी भी लगाई जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था में लगी फोर्स को ब्रीफ किया गया कि धर्मस्थल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक-चौबंद रहे। ड्यूटी में किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाये। बताया कि ईदगाह समेत चिन्हित स्थानों पर पुलिस फोर्स तैनात की जाएगी। शरारती तत्वों एवं संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जाएगी। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोग परम्परागत तरीके से ही त्यौहार मनाएं।वहीं मुस्लिम धर्मगुरुओं ने बकरीद को अमन चैन के साथ मनाने की अपील की है। उनका कहना है कि साल में एक बार अल्लाह के लिए कुर्बानी करनी होती है।

### सफाई की रहेगी बेहतर व्यवस्था: ईओ

अमरोहा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि ईदगाह और अन्य मस्जिदों के मार्गों पर चूने का छिड़काव कराया गया है। सफाई व्यवस्था पूरी तरीके से चाक चौबंद रहेगी। कर्मचारियों को निर्देश दिए गए है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही की जाए। गंदगी तुरंत साफ की जाए।

## ग्रामीणों ने हाईवे पर शव रखकर लगाया जाम

**मंडी धनौरा,अमृत विचार :** गांव आजमपुर निवासी बिन्दर पुत्र ऋषिपाल मंगलवार की दोपहर से लापता था। बुधवार की सुबह उसका शव यूकेलिप्टिस के पेड़ पर लटका मिला था।

परिजनों ने गांव के ही आकिल , उस्मान व छोटू पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। गुरुवार को परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ब्लॉक कार्यालय के सामने शव रखकर हाईवे जाम कर दिया। धनौरा व बछरायूं पुलिस परिजनों को समझाने का प्रयास करने लगी लेकिन परिजनों ने जाम नहीं खोला। करीब डेढ़ घंटे बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम खोल दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धारों में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## निर्धारित समय पर ही होगी ईद की नमाज

संवाददाता, ढबारसी

- शांति व्यवस्था के लिए प्रशासन ने 150 लोगों को किया पाबंद

**अमृत विचार :** सीओ ने कहा कि ढबारसी में ईद उल जुहा की नमाज इमाम द्वारा निर्धारित समय पर की जाएगी। पिछली दो ईदों पर निर्धारित समय पर नमाज को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ जाते हैं जिससे माहौल तनाव पूर्ण हो जाता है। प्रशासन द्वारा इस बार लगभग 150 लोगों को मुचलके में पाबंद किया है।

ढबारसी पुलिस चौकी पर बैठक में मुस्लिम समुदाय के दोनों पक्ष शामिल हुए। एक पक्ष का कहना था कि आसपास के लगभग एक दर्जन गांवों के लोग नमाज अदा करने आते हैं। इमाम द्वारा निर्धारित समय के बाद नमाज पढ़ाने से परेशानी होती है। जबकि दूसरे पक्ष का कहना था कि ईदगाह के जीर्णोद्धार के लिए चंदा एकत्र किया जाता है जिससे नमाज में विलंब हो जाता है। सीओ हसनपुर दीप कुमार पंत ने कहा कि विवाद नहीं होना चाहिए। शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश की तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। इमाम द्वारा निर्धारित समय पर ही नमाज अदा की जाएगी। पुलिस द्वारा लगभग 150 लोगों को मुचलकों में पाबंद किया गया है। एक पक्ष ने पुलिस पर आरोप लगाया कि यह कार्रवाई अधिकतर एक पक्ष के लोगों पर की गई है। सीओ ने लोगों को आश्वस्त किया भड़काने वाले जो भी लोग हैं उनके नाम शामिल कर लिए गए हैं। एसडीएम हसनपुर विभा श्रीवास्तव, थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह,केसर परवेज, चौधरी अफलातून, पूर्व प्रधान इशरत अली, आरिफ प्रधान, अकील अहमद, कमर जावेद, सीरव चौधरी, मोन्टी त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

## कल के सितारे ,आज का सम्मान ... अमृत विचार ने हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावियों को किया सम्मानित

# आगे बढ़ने के लिए बच्चों को अच्छे संस्कार दें अभिभावक : डॉ . केशव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डा. केशव कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को समाचार पत्र वितरकों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के होनहार बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि 10 वीं और 12वीं जीवन की पहली सीढ़ी है। इसके बाद भी हमें रुकना नहीं है। यह शुरुआत है। शुरुआती चमक को अंतिम पायदान तक बरकरार रखना है। आगे बढ़ने के लिए अभिभावक भी बच्चों को अच्छे संस्कार दें। अमृत विचार की इस पहल से बच्चों का हौसला बढ़ेगा।

अमृत विचार की ओर से डेंटल कॉलेज रोड स्थित स्वर्ण फार्म में गुरुवार को समाचार पत्र वितरकों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के होनहार बच्चों के लिए प्रतिभा पुरस्कार - कल के सितारे, आज का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. केशव ने कहा कि अभी समय मेहनत करने का है। बाद में जिंदगी यह मौके नहीं देगी। अच्छे अंक के बावजूद अभी भी आपकी पहचान मां-बाप से है, इसलिए आने वाला कल ऐसा बनाएं जिससे उनकी वजह से माता-पिता की पहचान हो। अभिभावकों से कहा कि अच्छे संस्कार के साथ ही बच्चों को यातायात नियम और कानूनों का पालन करना सिखाएं। पढ़ाई के दौर में मोबाइल का उपयोग बहुत ही सीमित रखें। सोशल मीडिया को फोन और दिमाग से लॉग आउट ही नहीं, बल्कि हो सके तो बच्चे डिलीट कर दें। अमृत विचार की तरह सभी अपने विचारों को अमृत बनाएं। कहा कि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में बीबीए, बीएससी समेत तमाम कोर्स हैं। आश्वस्त किया कि वह अमृत विचार से जुड़े हर सदस्य के साथ हैं। अभिभावक अपने बच्चों को यूनिवर्सिटी में दाखिला दिलाएं। बच्चों को स्कॉलरशिप से लेकर उनकी फीस में हर संभव मदद कराई जाएगी। सीओओ पार्थो कुनार ने कहा कि शिक्षा का पहला गुण उत्साह है। इसे हमेशा बनाए रखना चाहिए। कम नंबर आना जीवन का अंत नहीं होता है। जीवन की कीमत नंबर से कई गुना ज्यादा है। आगे चलकर आप लोग ही देश के लिए बहुत कुछ बड़ा कार्य करेंगे, इसलिए अभी से लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें। अपनी रुचि के हिसाब से कोर्स चुनें। अमृत विचार से जुड़े सभी वितरकों से कहा कि पांच साल के सफर में अमृत विचार को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में उनकी भूमिका बखूबी रही है। शीघ्र ही प्रबंधन की ओर से सभी वितरकों को मेडिकल कार्ड दिए जाने की बात कही, ताकि स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी तरह की समस्या आने पर मदद मिल सके।

समारोह का आरंभ सीओओ पार्थो कुनार, स्थानीय संपादक नवीन गुप्ता, आईटी मैनेजर हरिओम गुप्ता, प्रसार प्रबंधक अभय गुप्ता, सीनियर मार्केटिंग मैनेजर मयंक तिवारी और समाचार पत्र वितरक संघ के अध्यक्ष विमल पांडेय ने किया।


स्वर्ण फार्म सालिटेयर हाल में आयोजित अमृत विचार प्रतिभा पुरस्कार-2025 में सम्मानित मेधावियों के साथ बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डा. केशव अग्रवाल व अमृत विचार के सीओओ पार्थो कुनार। ● अमृत विचार

**इन मेधावियों को मिले मेडल:** समारोह में इंटरमीडिएट के मेधावी छात्रों में अनुष्का रानी, अंश सक्सेना, हाईस्कूल की अंशिका, यश मनकोटिया को गोल्ड मेडल, इंटरमीडिएट की प्रज्ञा, विश्वास पांडेय, साक्षी शंखधार, जीत सोढ़ी, हाईस्कूल की पवनी गुप्ता, अविरल तिवारी, अमल कुमार, वैष्णवी रस्तोगी, मुस्कान और शगुन श्रीवास्तव को ब्रांज मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### गंगा दशहरा पर जगह-जगह हुआ शरबत वितरण

**चन्दौसी,अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर्व के चलते नगर व देहात क्षेत्र में शरबत वितरण किया गया। तहसील में उपजिलाधिकारी विनय कुमार मिश्रा ने शरबत का वितरण किया। नगर में मुख्य रुप से ब्रहम बाजार, पुरानी पैंठ, बिसौली गेट, सीता रोड, कैथल गेट, फडयाई बाजार, लाठी बाजार, घंटाघर, बडा बाजार, मुरादाबाद गेट, स्टेशन रोड, संभल गेट आदि बाजारों में दुकानदारों व संगठनों ने स्टाल लगाकर शरबत का वितरण किया। देहात क्षेत्र में पर्व को मनाया गया और शरबत का वितरण हुआ।

### जमीन को लेकर मारपीट में घायल की मौत

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** मोहल्ला चौधरियान निवासी इरशाद का मोहल्ले के ही लोगों से जमीन को लेकर विवाद था। उसके भाई इरफान और भांजे मोहम्मद आलम ने बताया कि 22 मई को मारपीट में इरशाद और इस्तेखार गंभीर रूप से घायल हुए थे। दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान इरशाद की गुरुवार को मौत हो गई। पत्नी सायरा सहित अन्य परिजनों में कोहराम मच गया।

### बेटे को पुलिस से छुड़ाने के नाम पर महिला से 50 हजार की ठगी

**बहजोई,अमृत विचार :** थाना जुनावई के गांव बंझागी निवासी महिला साबरी पत्नी नारायण ने अपर पुलिस अधीक्षक को पत्र देते हुए कहा कि थाना राजपुरा पुलिस ने उसके बेटे को कुछ दिन पहले गिरफ्तार कर लिया था। इसी दौरान उसकी मुलाकात सोमवीर गांव रामनगर टप्पा वैश्य थाना जुनावई से हुई। उसने बेटे को छुड़वाने के लिए 50 हजार रुपये मांगे जो दे दिए लेकिन पुलिस ने बेटे को जेल भेज दिया। बेटा नहीं छूटने पर महिला ने रुपए वापस मांगे तो ग्रामीण ने रुपए वापस नहीं दिए।

### गंगा दशहरा पर राहगीरों को पिलाया शरबत

**कुढफतेहगढ़/ चंदौसी, अमृत विचार :** गुरुवार को गंगा दशहरा पर कुढफतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बलकरनपुर में मुनेन्द्र यादव ने राहगीरों को शरबत का वितरण किया। दियौरा खास का मझरा मिलक में शिव मंदिर व रीठ में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से भंडारे का आयोजन कर राहगीरों व ग्रामीणों को प्रसाद दिया गया।

# संगठनों ने पौधरोपण कर मनाया पर्यावरण दिवस

## बड़ी संख्या में रोपे गए पौधे, संरक्षण की भी शपथ ली गई, मनुष्यों के जीवन में वृक्षों के महत्व पर की गई चर्चा

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**



एसएम इंटर कालेज में पौधरोपण करते बच्चे व अध्यापक।



ब्रजधाम कालोनी में पौधे लगाने पहुंचे समिति के पदाधिकारी।



मूंछों वाले शिव मंदिर में पौधे लिए परिषद के पदाधिकारी।

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह पौधरोपण किया। पौधों के महत्व पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि हमारे जीवन में वृक्ष का बहुत महत्व है। साथ ही पौधे की देखभाल भी करना बहुत जरूरी है।

एसएम इंटर कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पर्यावरण क्लब के प्रभारी विपिन कुमार, प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता, प्रवक्ता योगेश बाबू, व नेमचंद व छात्रों ने मीठी सहजन, मोरिंगा का पेड़ लगाया। विपिन कुमार ने कहा की सहजन को एक चमत्कारी वृक्ष भी कहा जाता है, क्योंकि इसके सभी हिस्से अनेक विटामिन और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। श्री नारायण सेवा समिति के तत्वावधान में ब्रजधाम कॉलोनी में मंदिर प्रांगण में पौधारोपण किया गया। समिति के अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय भोलेनाथ, डॉ. टी. एस.पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता,उपाध्यक्ष डॉ. राजकुमार गोयल,प्रबंधक हरीश कठेरिया,पूर्व प्रधानाचार्य दृगपाल, संरक्षक बृज गोपाल गुप्ता, डॉ. डी.के. अग्निहोत्री, डॉ. जय शंकर दुबे, डॉ. आशीष यादव,केजीगुप्ता, चौधरी राजवीर सिंह, संजीव कठेरिया, श्वेता गुप्ता, संजय कुमार यादव, मुकेश पाठक, दुर्गेश कुमार, रमेश चंद्र शर्मा, मोहित यादव, पुजारी सचिन शर्मा, तथा बृज गोपाल चंद्रा आदि मौजूद रहे।

भारत विकास परिषद ने सीता रोड स्थित मूंछों वाले शिवालय में आम, पीपल ,मीठी सहजन, बेल व आंवला के पौधों का रोपण किया। अध्यक्ष प्रभात कृष्णा, विपिन कुमार, डॉ. सुमन गुप्ता, संजीव शर्मा, नागेश गुप्ता, केजी गुप्ता आदि मौजूद रहे। इसके अलावा विभिन्न संगठनों ने जगह-जगह पौधरोपण किया।

## शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण को बताया जरूरी

**संवाददाता, बहजोई**

**अमृत विचार:** बहजोई महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया और स्वच्छ पर्यावरण के लिए सक्रिय योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता ने विद्यार्थियों को पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने की शपथ दिलाई। सहायक आचार्य नेमपाल सिंह ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस दौरान संजय कुमार, दीप्ति रानी, तृप्ति आर्य, डॉ. गीता, डॉ. बलवीर, गीता रानी, नेमपाल सिंह यादव, रामतीरथ, भगवान सिंह चौहान, भुवनेश कुमार, राजीव कुमार आदि ने सहयोग किया।

## योग दिवस के लिए आमजन को करें जागरूक

**बहजोई, अमृत विचार :** डीएम ने अधिकारियों के साथ 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाये जाने को लेकर तैयारी की समीक्षा की। अधिक से अधिक एनजीओ को जोड़े जाने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ अमरदीप सिंह नायक ने कार्यक्रमों के विषय में डीएम को जानकारी दी। डीएम ने कहा कि पतंजलि, गायत्री परिवार एवं रोटरी क्लब, नीमा आदि को जोड़ा जाए। डीएम ने कहा कि योग सृष्टि का है तथा सबको प्रतिभाग करना चाहिए।

# टोल कर्मी की संदिग्ध हालात में मौत

**कार्यालय संवाददाता, बिजनौर**

- परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, हाईवे पर लगाया जाम
- एसपी सिटी सहित भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची



मृतक संदीप।

**अमृत विचार:** किरतपुर क्षेत्र स्थित भनेड़ा टोल प्लाजा पर ड्यूटी कर रहे युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए गुरुवार को हंगामा कर नेशनल हाईवे-74 पर जाम लगा दिया, जिससे यातायात ठप हो गया। बड़ी संख्या में वाहन फंस गए। पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। अफसरों ने समझाकर परिजनों को शांत किया। इसके बाद यातायात सुचारू हो सका।

26 वर्षीय संदीप पुत्र रूपचंद, निवासी ग्राम बुढ़पुर नैन सिंह की एक माह पूर्व ही टोल पर नौकरी पर लगी थी। उसकी ड्यूटी बुधवार रात 12 बजे से सुबह 8 बजे तक की थी।

टोल कर्मचारियों के अनुसार, ड्यूटी के दौरान ही उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। कोई कुछ कर पाता इससे पहले ही उसने दम तोड़ दिया। संदीप के परिजनों ने कर्मचारियों के इस दावे पर सवाल उठाते हुए हत्या की आशंका जताई और टोल कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा कर हाईवे पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। धीरे-धीरे स्थानीय ग्रामीण भी परिजनों के समर्थन में इकट्ठा हो गए और हाईवे जाम कर दिया। वाहनों की कतारें लग गईं। एसपी सिटी संजीव कुमार वाजपेई, सीओ नजीबाबाद नीतीश कुमार सिंह, नगीना सीओ ,नजीबाबाद थाना प्रभारी, एसडीएम , तहसीलदार पहुंच गए और परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे टोल प्रबंधन पर कार्रवाई और मेडिकल जांच की मांग को लेकर अड़े रहे। काफी मशक्कत के बाद अधिकारियों के आश्वासन पर परिजन माने। इसके बाद देकर जाम खुलवाया जा सका। इस बीच, टोल प्रबंधन के कई कर्मचारी और मैनेजर फरार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

## सार- संक्षेप

### पर्यावरण संरक्षण पर पोस्टर प्रतियोगिता



**बहजोई,अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर पीडी टंडन सेवा संस्थान तथा विश्व युवा केंद्र के तत्वाधान में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग तथा सीनियर वर्ग के दो सर्वश्रेष्ठ पोस्टर बनाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिला मिशन प्रबंधक मोहनलाल, प्रबंधक शिवम टंडन, राहुल एडवोकेट, मोहित टंडन, हेमंत टंडन, मोनिका वार्ष्णेय, लव कुमार आर्य, अर्चना टंडन सहित आदि ने सहयोग किया।

### खुशी के मौकों पर उपहार में दें पौधा



**रजपुरा,अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में पौधारोपण किया गया। यूनिट हेड आशीष कुमार शर्मा ने एक पेड़ मां के नाम से लगाने की अपील की। कहा कि कोई भी त्यौहार, जन्मदिन हो पौधे गिफ्ट करें। वरिष्ठ महाप्रबंधक इकबाल सिंह, महाप्रबंधक प्रशासन राजन कुमार दीक्षित, महाप्रबंधक संजीव कुमार, महाप्रबंधक इंजीनियरिंग अवतार सिंह, महाप्रबंधक प्रोडक्शन सुधीर त्यागी, एचआर हेड आंचल बिंदल, वसीम अहमद, अमित चौहान, पंकज गुप्ता, अरुण राघव, विपिन कुमार आदि उपस्थित थे।

### भाजयुमो ने मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन



**बबराला, अमृत विचार :** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिखर गोयल के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ के चित्र के सम्मुख केक काट कर एक दूसरे को खिलाया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुदीर्घ जीवन की कामना की। संजीव शर्मा, ब्रजेश शर्मा, अवधेश यादव, ऋषिपाल सिंह, किशन यादव, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, दीपक वर्मा, अमित सागर, उत्तम कुमार, टीटू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### सफाई कर्मचारी संघ ने 51 पौधों का रोपण किया



**चन्दौसी, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर निकाय सफाई कर्मचारी संघ ने परशुराम पार्क में 51 पौध रोपित कर उन्हें गोद लिया गया। मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, विशिष्ट अतिथि अखिलेश कुमार व अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने पौधों का रोपण किया। जिलाध्यक्ष अजय कुमार राजवर ने बताया कि पौधे लगाकर संरक्षित करने संकल्प लिया गया। पनर कैलाश चंद चटवाल, डॉ टी एस पाल, कुलदीप वार्ष्णेय, शुभम राघव, अनिल राधे गुड्डू, शीला सागर, सुमन भारती, मनोज भारती, मनोज, विनोद, पंकज, बॉबी, विक्रम, राजकुमार, छोटू,अमन, मनीष, शंकर, प्रवेश चटवाल, रमेश, ओम प्रकाश,जसवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगा निभायें जिम्मेदारी



**संभल, अमृत विचार :** संभल जिले में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। कहीं लोगों ने पौधरोपण किया तो कहीं एनसीसी कैडेट्स ने जागरूकता रैली निकालकर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। संभल में समाजवादी पार्टी के जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली ने लोगों के साथ मोहल्ला मियां सराय में स्थित कब्रिस्तान और मैरिज हाल परिसर में पौधे लगाए। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे। अरमान मियां, वसीम खां, इरशाद, सत्तार, डॉ .मुस्तफा, आसिफ अंसारी, रमीज राजा, मीर कासिम, निजामुद्दीन आदि रहे।

### शहीद कर्मवीर सिंह को पुण्यतिथि पर किया याद




**संभल/असमोली, अमृत विचार :** असमोली के गांव सैदपुर जसकोली में शहीद सीआरपीएफ जवान कर्मवीर सिंह को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया गया। गांव सैदपुर जसकोली के कर्मवीर सिंह सीआरपीएफ में 27 सितंबर 2001 को भर्ती हुए थे। 5 जून 2007 को वह पुलिस के साथ खांशा गांव बिहार की तरफ जा रहे थे। घटवार मंदिर से 500 मीटर पहले उग्रवादियों ने विस्फोट किया जिसमें कर्मवीर सिंह शहीद हो गए थे। गुरुवार को सीआरपीएफ सेंटर रामपुर से एसआई निवास यादव, एएसआई युवराज सिंह, हेड कांस्टेबल यशवीर सिंह और अशोक कुमार सैदपुर जसकोली पहुंचे और माल्यार्पण किया। शहीद की पत्नी नीतू, बेटी रिया आदि मौजूद रहे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)

पत्रांक: 343/न.पा.परि.नजी.-निविदा (निर्माण)/2025-26 दिनांक: 05.06.2025

## ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर) द्वारा निम्नलिखित नियम व शर्तो के अधीन नगर पालिका परिषद नजीबाबाद एवं अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदरों / फर्मो से 15 वां वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 (बुनियादी/निर्दिष्ट अनुदान) व 2 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत निकाय को अवमुक्त / प्राप्त धनराशि से विभिन्न निर्माण कार्यो हेतु डबल बिड पद्धति से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जो विभागीय वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 06.06.2025 प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 27.06.2025 की दोपहर 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 27.06.2025 को दोपहर 04:00 बजे से पालिका कार्यालय में ऑनलाइन खोली जायेंगी। विस्तृत निविदा सूचना https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार की भूलवश टंकणीय / लिपीकीय त्रुटि के संशोधन के लिए उपरोक्त वेबसाइट को निरन्तर देखते रहे। विस्तृत सूचना किसी भी कार्य दिवस पर नगर पालिका परिषद नजीबाबाद कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| Tender Reference | 343/NPP Najibababd/2025 |
| Publish Date and Time for E-Tender | 06-06-2025 10:00 AM |
| Start Date of Downloading E-Tender | 06-06-2025 10:00 AM |
| Last Date and Time for submission of E-Tender | 27-06-2025 12:00 PM |
| Date and Time of Opening E-Tender | 27-06-2025 04:00 PM |
| Place of Opening E-Tender | Office NPP Najibababd (Bijnor) |
| E-Tender Security | 10% of Estimate cost |
| E-Tender Document Processing | As per E-Tender list |
| Financial bid opening After Evaluation of Technical Bids | |

नोट:-

1. निविदादाता को प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग ई-निविदा शुल्भ्क की धनराशि आई.सी.आई.सी.आई. शाखा नजीबाबाद में नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के खुले खाता सं.- 157501000191 आई.एफ.एस.सी. कोड ICIC0001575 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से ऑनलाइन जमाकर/बैंक जमा स्लिप / प्रमाण पत्र कॉपी स्कैन कर अपलोड करनी अनिवार्य होगी।
2. निविदादाता को प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग ई-निविदा धरोहर राशि 10 प्रतिशत (EMD) एफ.डी.आर./टी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के पदनाम बंधक होगी अथवा आई.सी.आई.सी.आई. शाखा नजीबाबाद में नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के खुले खाता सं. 157501000191 आई.एफ.एस.सी. कोड ICIC0001575 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से ऑनलाइन जमाकर / बैंक जमा स्लिप / प्रमाण पत्र कॉपी स्कैन कर अपलोड करनी अनिवार्य होगी।
3. निविदादाता को ई-निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि 10 प्रतिशत (EMD) की बैंक द्वारा जारी जमा की स्लिप / प्रमाण पत्र मूल रूप में दिनांक 26.06.2025 को अपरान्ह 01:00 बजे तक अन्य अनिवार्य प्रपत्रों सहित कार्यालय नगर पालिका परिषद नजीबाबाद में रखे टेण्डर बॉक्स में डालने अनिवार्य है। बिना धरोहर / टेण्डर मूल्य धनराशि के किसी भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**मुक्ता कुमारी (अधिशासी अधिकारी)**
**नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)**

**इंजीनियर मुअज्जम (अध्यक्ष)**
**नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)**


# मृतकों की संख्या हो गई तीन नशे में था मैजिक चालक

- गर्जिया देवी से लौटते श्रद्धालुओं का मैजिक बुधवार को भगतपुर क्षेत्र में टकराया था पेड़ से

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** मुरादाबाद के भगतपुर क्षेत्र में मैजिक के पेड़ से टकराकर हुए हादसे में मृतकों की संख्या तीन हो गई है। वहीं पुलिस की जांच में सामने आया कि चालक नशे में था। श्रद्धालु उत्तराखंड के गर्जिया देवी मंदिर के दर्शन कर लौट रहे थे।

कैला देवी थाना क्षेत्र के भटौला गांव के 21 श्रद्धालु मंगलवार को मैजिक से उत्तराखंड के रामनगर में स्थित गर्जिया देवी मंदिर दर्शन के लिए गए थे। बुधवार को दोपहर में लौटते वक्त भगतपुर के पसियापुरा के पास मोड़ पर पहुंचे तो वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया था। हादसे में मां के साथ गए 3 वर्षीय प्रियांशु पुत्र अनंतराम की मौके पर मौत हो गई थी। अस्पताल ले जाते वक्त राजवती ने भी दम तोड़ दिया। गंभीर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान भूदेव की बेटी भारती की भी मौत हो गई। गुरुवार को गांव भटौला में मातम पसरा रहा। वहीं पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि वाहन चालक के नशे में होने के चलते हादसा हुआ।

### मुख्यमंत्री के दीर्घायु की कामना की



**चन्दौसी, अमृत विचार :** भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के कार्यालय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस मना उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की। मनोज कठेरिया, डॉ. टीएस पाल, तरुण नीरज, अभिनव शर्मा, रोहित दिवाकर, देवेन्द्र गुप्ता, आकाश आहूजा, धारा सिंह, मोहित दिवाकर, शिवकुमार सैनी, निशांत शर्मा, किशन प्रजापति, लव कुमार, क्रांति कुमार, अनुभव श्रीवास्तव, तुषार अग्रवाल, आलोक शाक्य, सावन शर्मा, जय शंकर दुबे, श्याम सुंदर दुबे,विकास सिंह आदि उपस्थित रहे।

### एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली

**सिरसी, अमृत विचार :** बहमन पब्लिक स्कूल सिरसी के एनसीसी कैडेट्स ने पर्यावरण जागरुकता रैली निकाली। जिसमें 33 बटालियन एनसीसी अमरोहा के कैडेट्स भी शामिल हुए। आरंभ प्रधानाचार्य शोभित कुमार रस्तोगी, 33 एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल सुनील कॉल ने किया। थानाध्यक्ष हजरत नगर गढ़ी अनुज कुमार तोमर भी रहे। सूबेदार मेजर यशपाल सिंह, सूबेदार सुरेंद्र सिंह, सूबेदार धर्मेंद्र सिंह, ट्रेनिंग जेसीओ ज्ञान सिंह, सूबेदार बलविंदर सिंह, नायब हबीब खान, लेफ्टिनेंट रविंद्र कुमार, सेकंड अफसर करण सिंह, सेकंड अफसर दिनेश कुमार सिंह, अली लॉजी आदि रहे।

### पौधरोपण कर मनाया सीएम का जन्मदिन

**बहजोई,अमृत विचार :** योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन तथा पर्यावरण दिवस पर भाजपा नगर अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लक्ष्मीनारायण मंदिर अनाज मंडी समिति,काली मंदिर निकट शमशान भूमि,भगवान परशुराम मंदिर,सिद्धपीठ मां भगवन्तपुर वाली देवी मंदिर और इंटरमीडिएट कॉलेज बहजोई में पौधारोपण किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष कन्हैयालाल वार्ष्णेय,नगर उपाध्यक्ष सुमित कुमार वार्ष्णेय,नगर मंत्री राजपाल प्रजापति,शुभम अतुल उपाध्याय, नीरज श्रीवास्तव, लव मोहन वार्ष्णेय, राजू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म के 3 दोषियों को उम्रकैद

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

- दोषियों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया

**अमृत विचार:** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट न्यायालय ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषियों को आजीवन कारावास व 50-50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

थाना रजपुरा के एक गांव निवासी ग्रामीण ने थाने में दी तहरीर दी थी कि 23 जनवरी 2023 को उसकी 16 वर्षीय पुत्री एक ग्रामीण के ट्यूबवेल के समीप खेत पर काम कर रही थी। प्रशांत उर्फ पिलुआ पुत्र रामप्रकाश उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया। वहां पहले से बब्लू पुत्र राजवीर जाटव व गोपाल पुत्र धनवेश जाटव मौजूद थे। उन लोगों ने उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी। 31 जनवरी 2023 को पुत्री ने उसको व पत्नी को घटना के बारे में बताया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। अभियोजन पक्ष से विशेष लोक अभियोजक नरेंन्द्र कुमार यादव व आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि मुकद्मे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह के न्यायालय में हुई। न्यायालय ने तीनों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 50-50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर 1-1 वर्ष का अतिरिक्त कारावास को भुगतना पड़ेगा। अर्थदंड की पूर्ण राशि पीड़िता को दी जायेगी।

